


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 267/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, बुधवार 08 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in


शेयर बाजार में गिरावट के साथ शुरुआत, सेंसेक्स 300 अंक टूटा, निफ्टी 22200 से नीचे फिसला

## शहजादे ने अडाणी-अंबानी को गाली देना बंद किया : मोदी
### रातों-रात ऐसी क्या डील हुई, जो चुप्पी साध ली, क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है

**करीमनगर एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में पहली बार अडाणी-अंबानी का नाम लेते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- पिछले 5 सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। 5 उद्योगपति, अंबानी, अडाणी। लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों?

प्रधानमंत्री ने कहा- मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्हें अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपए मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल



मिला? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है? प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की कांग्रेस और पूर्व की BRS सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली शराब घोटाले का जिक्र किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस और BRS दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों भ्रष्टाचार की गोंद से एक-दूसरे से चिपके हुए हैं। दोनों का एक ही काम है- फैमिली फर्स्ट और तुष्टिकरण। उन्होंने कहा- करप्शन कांग्रेस-BRS का कॉमन कैरेक्टर है। ये दोनों एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। लेकिन, बैकडोर से दोनों एक ही करप्शन सिंडिकेट का हिस्सा हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने करीमनगर पहुंचकर श्री राजा राजेश्वरी स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

#### तेलंगाना के लोगों ने मेरा 10 साल का काम देखा

प्रधानमंत्री ने कहा- तेलंगाना के लोगों ने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। आपके एक वोट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि सुनिश्चित की। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया।

## हिमाचल के पांच दिवसीय दौरे के बाद दिल्ली लौटीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**शिमला निप्र।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय हिमाचल दौरे के बाद बुधवार को दिल्ली रवाना हो गईं। उनके हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब नौ बजे कल्याणी हेलीपेड से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपति को विदाई दी।



राष्ट्रपति मुर्मू बीते चार मई को शिमला पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। पांच मई को उन्होंने कुफ़री के कैचमेंट क्षेत्र का दौरा किया। छह मई को वह कांगड़ा जिला के दौरे पर रहीं। यहां वह केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और विद्यार्थियों को डिग्रियों से नवाजा। इससे पहले उन्होंने कांगड़ा के विख्यात शक्तिपीठ मां चामुंडा के दर शीश नवाया। अगले दिन सात मई को राष्ट्रपति ने शिमला के ऐतिहासिक मंदिरों संकटमोचन और तारादेवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। द्रौपदी मुर्मू तारादेवी मंदिर जाने वाली पहली राष्ट्रपति बन गई हैं। इसके अलावा वह संत नींव करौरी की तपस्थली संकटमोचन मंदिर में दर्शन करने वाली दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा ने संकटमोचन मंदिर के दर्शन किये थे। राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार शाम शिमला के विख्यात मॉल रोड और रिज मैदान में भी चहल कदमी की। उन्होंने यहां दुकानों से सामान भी खरीदा। बाद में उन्होंने ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक संध्या में भी शिरकत की।

## केरल में उड़ानें रद्द होने से भड़के यात्री, किसी को नौकरी जाने का डर तो किसी को पहुंचना था अस्पताल




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें अंतिम समय में रद्द किए जाने पर यात्रियों का गुस्सा भड़क गया है। बुधवार को केरल के सभी हवाईअड्डों पर नाराज यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया। ज्यादातर यात्री खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे।

**वीजा समाप्त होने का डर-** उनमें से कई ने दावा किया कि अगर वे आज अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे तो उनकी नौकरी जा सकती है, जबकि कुछ अन्य का कार्य वीजा समाप्त होने वाला है। एक महिला को अपने जुड़वां बच्चों और पति के साथ कन्नूर से शारजाह जाना था। उड़ान रद्द होने पर उन्होंने कहा कि उन्हें नौ मई को काम पर पहुंचना है, लेकिन एयर इंडिया एक्सप्रेस 10 मई को कोच्चि से उड़ान की पेशकश कर रही है।

#### यात्रियों में गुस्सा

यात्रियों ने दावा किया कि सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, जब वे विमान में चढ़ने का इंतजार कर रहे थे तब उन्हें उड़ान रद्द होने के बारे में जानकारी दी गई। हालांकि, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों को पूरे पैसे वापस करने या किसी अन्य तारीख पर यात्रा करने को कहा है, लेकिन यात्री इससे खुश नहीं हैं।

## आग के कहर ने बढ़ाई चिंता...सीएम के कार्यक्रम स्थगित आज देहरादून में समीक्षा बैठक



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, प्रदेश सरकार जंगल में आग लगाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करेगी। वनाग्नि पर काबू पाने के लिए हर मोर्चे पर कार्य हो रहा है। कहा, सेना की सहायता लेने के साथ ही अधिकारियों को भी ग्राउंड जीरो पर जाकर आग पर नियंत्रण पाने के निर्देश दिए गए हैं। कहा, जंगल की आग हमारे लिए बड़ी चुनौती है। आग बुझाने के लिए सभी विकल्प पर हम काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सीएम ने यह बयान जारी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री राज्य में वनाग्नि की चुनौती को देखते हुए अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए।

मंदसौर में बोले सीएम मोहन यादव

## पीएम मोदी का कोई परिवार नहीं वे आपके बच्चों के लिए लड़ रहे


मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ जी के दर्शन पूजन कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

**मंदसौर एजेंसी।** मंदसौर चुनावी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार सुबह प्रबुद्धजन संवाद में मंदसौर के विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रबुद्ध लोगों से खुलकर चर्चा की। उन्होंने सेवानिवृत न्यायाधीश रघुवीरसिंह चूंडावत से आइपीसी सहित कानून संबंधी प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि हम देश में दंड संहिता नहीं बल्कि न्याय संहिता चाहते है। भाजपा याने भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत की जनता की पार्टी है। हमने सबको साथ लेकर काम करने की ठानी हुई है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि जनता के एक-एक आदमी का कोर्ट से काम पड़ता है। पीएम मोदी अपने लिए नहीं बल्कि आपके लिए न्यायालयीन परिवर्तन चाहते है। चोर




की गर्दन पकड़ने का काम पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने रिश्वतखोरों को उनकी जमीन दिखाई है। इसलिए पीएम मोदी को देश का चौकीदार कहा गया है। सबसे ज्यादा कानून की बात करने वाले दिल्ली वाले भाई साहब की स्थिति सबके सामने है। जेल में बंद मंत्रियों के इस्तीफे ले लिए, लेकिन खुद इस्तीफा देने को तैयार नहीं है। पीएम मोदी का साफ कहना है न खाऊंगा और न खाने दूंगा।

#### पीएम ने ईमानदारी से किया काम

सीएम मोहन यादव ने कहा कि मुखिया की जवाबदारी सबसे अधिक होती है। परिवार में कुछ भी होता है तो प्रतिष्ठा मुखिया की दांव पर लगती है। तो फिर दिल्ली के मुखिया अपनी जवाबदारी मानने को तैयार क्यों नहीं है। मोदी जी ने हर क्षेत्र में अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है। चाहे बात देश के विकास की हो या राष्ट्र व जनता की सुरक्षा की हो। जीएसटी, नोटबंदी कोई छोटा मोटा काम है क्या? मोदीजी ने केवल देश की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाया और ऐसे बड़े निर्णय लिए। जिसके सकारात्मक परिणाम हमारे सामने है।

## मोदी ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली एजेंसी।** रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रगति की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें याद किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉम एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं गुरुदेव टैगोर को उनके जयंती पर प्रणाम करता हूं। वे एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिनको भारत के इतिहास और समृद्ध साहित्यिक कार्यों के प्रति योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वे एशिया के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता थे साथ ही भारत के राष्ट्र-गान रचयिता भी। वे हमारे देश की अग्रणी सांस्कृतिक विभूतियों में से एक हैं। पीएम मोदी ने बांग्ला और अंग्रेजी में लिखी इस पोस्ट में गुरुदेव का वीडियो भी साझा किया है। उल्लेखनीय है कि गुरुदेव टैगोर की रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं। इनमें 'जन गण मन' भारत का राष्ट्रगान तो 'आमार सोनार बांग्ला' बांग्लादेश का राष्ट्रगान बना।

## विस चुनाव तक अल्पमत में चलेगी हरियाणा सरकार
### बीजेपी ने 47 विधायकों का समर्थन होने का भी दावा किया है

**नई दिल्ली/हरियाणा एजेंसी।** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार से मंगलवार को तीन निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया है, जिसके बाद राज्य सरकार अल्पमत में आ गई है. इन तीनों विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन दिया है, निर्दलीयों के पालाबदल से राजनीतिक समीकरण भी बदल गए हैं, हालांकि, सरकार गिरने का खतरा नहीं है, बीजेपी ने



47 विधायकों का समर्थन होने का भी दावा किया है, अब विधानसभा चुनाव तक हरियाणा में अल्पमत की सरकार चलेगी, यानी 4 महीने तक सैनी सरकार पर खतरा नहीं है, हरियाणा में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

हरियाणा में निर्दलीय के हाथ खींचने के बाद सियासत भी गरमा गई है. मंगलवार सुबह से अटकलें थीं कि पूंडरी से निर्दलीय विधायक रणधीर गोलन, चरखी दादरी से निर्दलीय विधायक सोमवीर सांगवान और नीलोखेड़ी से निर्दलीय विधायक धर्मपाल गोंदल हरियाणा की बीजेपी सरकार से समर्थन वापस लेने जा रहे हैं।

#### 6 महीने तक सरकार पर कोई संकट नहीं

सवाल उठ रहा है कि क्या हरियाणा सरकार पर तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी से बड़ा संकट आ गया है या क्या सरकार अल्पमत में आ गई है? तो इसका जवाब है- हां, क्योंकि अभी बीजेपी के पास 43 विधायकों का समर्थन है, जिसमें 40 विधायक अपने और तीन अन्य विधायक हैं. बीजेपी ने जेजेपी के भी चार विधायकों का समर्थन होने का दावा किया है. दूसरा सवाल है कि क्या तीन निर्दलीयों के समर्थन वापसी से कांग्रेस के पास सरकार बनाने का कोई मौका है? इसका फिलहाल जवाब है- नहीं- क्योंकि कांग्रेस के पास 30 विधायक हैं, तीन और जुड़े तो ये संख्या 33 हो जाती है. जेजेपी के 10 विधायक कांग्रेस के साथ तो फिलहाल जाने वाले नहीं हैं. और जाते भी हैं तो ये संख्या 43 ही होती है।

## एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई

**लंदन।** दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया




ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है।

#### कंपनी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे


एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ। ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं।

## मप्र के किसान ने ढाई लाख रुपए किलो वाले आम लगाए इनकी सुरक्षा में लगे 11 कुत्ते, सीसीटीवी और गार्ड

**जबलपुर।** यूं तो ये कहानी एक आम की है, लेकिन ये बेहद खास है। कीमत सुनकर ही आपके होश फाख्ता हो जाएंगे। जी हां, यह आम अंतराष्टीय बाजार में दो लाख से ढाई लाख रुपए प्रति किलो तक बिक चुका है। भारतीय बाजार में इसकी कीमत 5 हजार रुपए किलो से लेकर 20 हजार रुपए किलो तक है।



अब इतना महंगा आम है तो उसकी सुरक्षा भी तो तगड़ी ही होगी न। 11 कुत्ते बगीचे की चौकसी में लगे रहते हैं। सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के साथ यहां 2 गार्ड भी तैनात रहते हैं। दरअसल, फलों के राजा आम की देश-विदेश में 2100 से ज्यादा किस्में हैं। जबलपुर के किसान संकल्प परिहार ने इन्हीं में से कुछ खास किस्मों को अपने 12 एकड़ में फैले बगीचे में लगाया है।



#### जापानी प्रजाति का आम

परंपरागत खेती छोड़कर बागवानी में हाथ आजमाने वाले संकल्प परिहार ने अपने बगीचे में आम की 24 किस्मों के पेड़ लगा रखे हैं। इनमें से ही एक है टाइयो नो टमैगो आम। संकल्प का दावा है कि यह दुनिया का सबसे महंगा आम है। यह आम जापानी प्रजाति का है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 2 लाख रुपए प्रति किलो से लेकर ढाई लाख रुपए प्रति किलो तक बिका है। संकल्प के बगीचे में इस प्रजाति के आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ हैं।

#### सबसे अधिक आम की 24 किस्में

संकल्प के बगीचे में आम की सबसे अधिक 24 किस्में हैं। यदि आम की बात करें तो आम्रपाली, मल्लिका, हापुस, केसर, बादाम, दशहरी, लंगड़ा, चौसा, सफेदा, बाम्बेग्रीन, %टाइयो नो टमैगो% मियाजाकी, ब्लैक मैंगो, जम्बो ग्रीन, जैपनीज, ड्रैगन, यूएसए सक्सेशन, गुलाब केशर, हुस्नेआरा, हल्दीघाटी, गुलाब खास, गौरजीत, कोकिला, आर्का, अनमोल, पुनीत आदि आम की किस्मों के पेड़ हैं।

#### अप्रैल की तपती धूप में लगाया पहला पौधा

संकल्प भी आम किसानों की तरह पहले गेहूं, चना जैसी परम्परागत फसलों की खेती करते थे। वर्ष 2013 से उन्होंने बागवानी पर ध्यान दिया। अमूमन बागवानी के पौधे बारिश में लगाए जाते हैं, लेकिन संकल्प ने अप्रैल की तपती धूप में यहां आम का पहला पौधा लगाया। नर्मदा जल से सिंचाई की और अब करीब 10 बरस बाद नतीजा सबके सामने है।

#### एमपी समेत दूसरे राज्यों में भेजते हैं आम

संकल्प के आम की डिमांड मध्यप्रदेश के साथ ही दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और विदेश तक है। वे हर साल अपने आम बिचौलिए के बजाय सीधे ग्राहकों को बेचते हैं। इसका फायदा ये है कि उनके आम के दीवाने सीधे उनसे जुड़ गए हैं। 3 किलो से लेकर 10 किलो के पैक में वे आम ग्राहकों तक भिजवाते हैं।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर अब जनरल टिकट के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लाइन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

रेलवे यात्रियों के लिए खुशखबरी! अब जनरल टिकट के लिए स्टेशनों पर लंबी लाइनों में खड़े होने की जरूरत नहीं है। भोपाल मंडल ने एटीवीएम और यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग की सुविधा शुरू की है, जिससे यात्री आसानी से और तेजी से अपने टिकट बुक कर सकते हैं। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के फायदे भी है। आसान और त्वरित टिकट बुकिंग। यूटीएस ऐप के जरिए यात्री कुछ ही क्षणों में अपने मोबाइल से अनारक्षित यात्रा टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और मासिक सीजन टिकट बुक कर सकते हैं।

**लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं:** गर्मी के मौसम में भी बिना लाइन में लगे यात्री अपने गंतव्य तक का टिकट लेकर सुविधाजनक सफर कर सकते हैं।

**पेपरलेस और कैशलेस ट्रांजेक्शन:** यूटीएस ऐप के माध्यम से यात्री पेपरलेस और कैशलेस तरीके से टिकट बुक कर सकते हैं, जिससे समय और पेपर की बचत होती है।

यूटीएस ऐप का उपयोग कैसे करें: ऐप डाउनलोड करें। गूगल प्ले स्टोर, विंडोज स्टोर या ऐप्पल स्टोर से 'यूटीएस' ऐप डाउनलोड करें।

**रजिस्ट्रेशन करें:** ऐप पर साइन अप करके रजिस्ट्रेशन करें।

**टिकट बुक करें:** लॉगिन करके आर-वॉलेट का उपयोग करते हुए टिकट बुक करें।

यूटीएस ऐप की विशेषताएं भी है। अनारक्षित टिकट बुकिंग। यात्री अनारक्षित टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं।

**सीजन टिकट:** सीजन टिकट जारी करने और नवीनीकरण करने की सुविधा।

**आर-वॉलेट रिचार्ज:** आर-वॉलेट को डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई या यू.टी.एस. काउंटर के माध्यम से रिचार्ज करें।




# नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

थाना क्राइम ब्रांच ने एक साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिस पर नौकरी के नाम पर 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। आरोपी ने सरकारी नौकरी की आड़ में लोगों से ठगी की थी।

**घटना का विवरण:** आवेदक गनपत सिंह ने अनावेदक प्रमोद मिश्रा, अरुण मिश्रा और प्रकाश मिश्रा पर शासकीय नौकरी लगवाने का झांसा देकर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। जब आवेदक ने अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें एक बाउंस हो चुका चेक दिया गया। इस मामले में आरोपी के अन्य साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, अतिपुलिस उपायुक्त अपराध शैलेन्द्र सिंह चौहान और सहायक पुलिस आयुक्त मुख्तार कुरैशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना क्राइम ब्रांच अशोक मरावी और उनकी टीम ने फरार आरोपी की तलाश में अभियान चलाया। आरोपी अरुण मिश्रा को न्यायालय के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

थाना प्रभारी अशोक कुमार मरावी, उनि राजकिशोर मिश्रा, सउनि अनिल कुमार तिवारी, सउनि अनिल तिवारी, आर शिवप्रताप, मआर संध्या शर्मा की इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस गिरफ्तारी से शहर में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण की दिशा में पुलिस की सक्रियता और प्रतिबद्धता का पता चलता है। यह घटना अन्य अपराधियों के लिए एक सख्त संदेश है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और अपराध करने वालों को अंततः कानून के सामने झुकना पड़ता है।

# मध्य प्रदेश पर्यटन ने विश्व मंच पर अपनी छाप छोड़ी

**भोपाल** । मध्य प्रदेश पर्यटन ने जयपुर में आयोजित ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार में भाग लेकर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। 5 से 7 मई तक चले इस मेले में, मध्य प्रदेश ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रदर्शन किया, जिसमें ग्वालियर के राजसी किले से लेकर भोपाल की शांत झीलों तक शामिल हैं। इस आयोजन में अमेरिका, कनाडा, यूरोप और साउथ ईस्ट एशिया के प्रतिनिधियों के साथ बी2बी मीटिंग्स के दौरान मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों की विविधता और आकर्षण को प्रमोट किया गया। इस दौरान, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक, बिदिशा मुखर्जी ने राज्य के अद्वितीय पर्यटन अवसरों और अनुभवात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा की।

मुखर्जी ने बताया कि मध्य प्रदेश पर्यटन जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, राज्य के ओरछा, खजुराहो, चंदेरी, महेश्वर और मांडू को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में प्रमोट करने की योजना भी साझा की गई।

इस वर्ष 30 अगस्त से 2 सितंबर तक भोपाल में इंडियन एसोसिएशन ऑफ़ टूर ऑपरेटर्स के वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की जाएगी, जिससे मध्य प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने का अवसर मिलेगा। पर्यावरण अनुकूल पर्यटन के प्रति उत्साह के साथ, मध्य प्रदेश ने अपने होमस्टे परियोजना और ऑफबीट डेस्टिनेशन को भी प्रमोट किया, जिससे विदेशी पर्यटकों के लिए नए आकर्षण जोड़े गए हैं। इस पहल से मध्य प्रदेश की पर्यटन विविधता और इसके अनूठे अनुभवों को विश्व स्तर पर पहचान मिलने की उम्मीद है।

# हर माह सम्मानित होंगे रेलवे कर्मचारी

**भोपाल।** सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना निशातपुरा कार्यशैली, गुणवत्ता एवं उत्पादकता में भारतीय रेल का अग्रणी कारखाना है। वर्तमान में यह कारखाना आइसीएफ कोच पीओएच के साथ एलएचबी कोच को तैयार कर रहा है। पुराने आइसीएफ कोच को एनएमजीएचएस कोच में परिवर्तित करने का काम भी किया जा रहा है। मुख्य कारखाना प्रबंधक अमितोज वल्लभ ने कहा कि मार्च से कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों के मध्य गुणवत्ता एवं सुरक्षा की भावना से कार्य शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिमाह कारखाने में कार्यरत सभी कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए माह का उत्कृष्ट कर्मचारी घोषित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों में कार्य के दौरान सुरक्षा एवं सजगता को बढ़ावा देने के लिए माह का उत्कृष्ट सुरक्षा सतर्क कर्मचारी पुरस्कार योजना शुरू की गई। दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट घोषित कर्मचारी को मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। खास बात यह कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों की फोटो कारखाने की मुख्य द्वार पर बोर्ड पर लगायी जा रही है।

# अयोध्या नगर में मकान में लगी आग, महिला झुलसकर हुई घायल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अयोध्या नगर के मंगलवार दोपहर एक मकान की पहली मंजिल पर आग लग गई। इस हादसे में एक महिला झुलसकर बुरी तरह से घायल हो गई। उसे पुलिस कर्मियों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। आग में घर-गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि अयोध्या नगर एफ सेक्टर स्थित देवनारायण प्रजापति के घर के प्रथम मंजिल में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ और गोविंदपुरा फायर स्टेशन से दमकलें रवाना हुईं। दमकल कर्मी असलम खान ने बताया कि मकान गली में अंदर था। वहां तक गाड़ी नहीं पहुंच पा रही थी। इसलिए तीन पाइप लगाकर आग पर काबू पाया गया। आधे घंटे के कमरे में लगी पूरी आग बूझा दी गई। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। इधर, फायर सेफ्टी आफिसर रामेश्वर नील ने बताया कि आग लगने का कारण अज्ञात है। कमरे में रखा सामान ही आग में जला है। टीआइ महेश लिल्हारे ने बताया कि आग बुझने के बाद एसआइ सुदिल देशमुख, प्रधान आरक्षक आशीष ने सीढ़ी पर लगे ताले को काटा और आसपास के करीब लोगों की मदद से पहली मंजिल पर पहुंचे। जहां 45 वर्षीय महिला संगीता प्रजापति बेसुध पड़ी थी। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हमीदिया अस्पताल में रैफर किया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

इधर, पुलिस ने मामले में जब महिला संगीता के बयान दर्ज किए तो उसने कूलर में शार्ट सर्किट होने से आग लगना बताया है। जबकि पुलिस का सवाल था कि सीढ़ियों में ताला क्यों लगा रखा था? इस मामले का जवाब महिला नहीं दे पाई है। महिला का पति देवनारायण प्रजापति माली का काम करता है और अपनी दो बालिग और दो नाबालिग बेटियों के साथ रहते हैं। दो दिनों से इस परिवार में विवाद होने की आवाज पड़ोसियों का आ रही थी। पुलिस को एक पड़ोसी ने यह भी बताया कि महिला ने केरोसिन डालकर आग लगाई। लेकिन पुलिस को पीड़ित महिला संगीता के बयान को आधार मानकर जांच कर रही है और पड़ोसियों के बयान को महिला की बालिग बेटियों से पता करवा रही है।

## इन गर्मियों में खाएं सेहतमंद स्नैक्स और त्वचा को बनाएं स्वस्थ: डॉ गीतिका मित्तल

भोपाल। गर्मियों का असर अक्सर त्वचा के स्वास्थ्य पर पड़ता है ऐसे में इस मौसम में त्वचा की विशेष देखभाल करना ज़रूरी है। त्वचा विशेषज्ञ होने के नाते मैं यही सलाह दूंगी कि त्वचा की बाहरी देखभाल के साथ-साथ इसका भीतर से भी ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार का सेवन करें, अगर आप भीतर से स्वस्थ होंगे तो बाहर से भी खूबसूरत महसूस करेंगे। यहां हम ऐसे कुछ सुझाव लेकर आए हैं, जिन्हें अपनाकर आप बदलते मौसम में भी त्वचा की अच्छी देखभाल कर सकते हैं। बादाम पोषण से भरपूर मेवा है। इनमें तकरीबन 15 पोषक तत्व जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन, ज़िंक आदि होते हैं। बादाम में सेहतमंद वसा और विटामिन ई (एल्फा-टोकोफेरोल) होते हैं, जो एंटी-एजिंग के गुणों से भरपूर और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इन्हें कई तरीकों से अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। बादाम को रोस्ट करके खाएं, अपनी स्मूदी या ओटमील में मिलाएं, सलाद के साथ खाएं और ऐसे कई ढेरों तरीकें हैं, जिनके द्वारा आप बादाम को अपने रोज़मर्रा के आहार में शामिल कर सकते हैं। स्प्राउट्स स्नैक्स का सेहतमंद विकल्प है। शाम के स्नैक्स हों या ऑफिस ब्रेक, स्पाउट्स विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। गूगल सर्च में भी आपको स्प्राउट्स के ढेरों विकल्प मिलेंगे। सलाद से लेकर रैप तक, आप कई तरह के आहार में स्प्राउट्स को शामिल कर सकते हैं और अपने व्यंजनों को स्वादिष्ट एवं सेहतमंद बना सकते हैं।

## माता-पिता को उचित टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करके अपने बच्चों की सुरक्षा करनी चाहिए

**भोपाल।** इस बार विश्व टीकाकरण सप्ताह के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। यह मील का पत्थर वैश्विक टीकाकरण के प्रयासों की विरासत और पिछले पांच दशक में टीकाकरण के माध्यम से बचाए गए अनगिनत जीवन और संरक्षित समुदायों की याद दिलाता है। भारत में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से 90प्रतिशत से अधिक बच्चों तक टीकाकरण का विस्तार करने में सफलता मिली है। हालांकि उम्र के पहले वर्ष में कवरेज अधिक है लेकिन पहले जन्मदिन के बाद से ड्रॉप-आउट दरें बढ़ जाती हैं। इसका नतीजा यह है कि देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक टीकाकरण ही हो पाता है। डॉक्टर श्रीलेखा जोशीज क्लीनिक, इंदौर की कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन डॉ. श्रीलेखा जोशी ने कहा ज्यादातर अभिभावक टीके की सुरक्षात्मक ताकत को समझते हैं, इसलिए समय पर टीकाकरण के महत्व पर जोर देने की जरूरत है। लगातार सीख और स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ मिलकर हम स्वस्थ भविष्य की राह बना सकते हैं। इस विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर मैं लोगों को प्रोत्साहित करता हूं कि डॉक्टरों से विमर्श करें और सही जानकारी के साथ निर्णय लें। 1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण से वर्ष 2000 से 2019 के बीच निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में बचपन में हो जाने वाली 3.7 करोड़ असमय मौतों को रोकने में सफलता मिली।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर निशुल्क थैलेसीमिया माइनर जांच शिविर आज

**संत हिरदाराम नगर।** थैलेसीमिया मुक्त भारत का अभियान रक्तधारा सोसायटी द्वारा चलाया जा रहा है जिसमें उनके लिए ब्लड और जांच के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है। विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में भारत लैब नेटवर्क और डॉ. राकेश गुलानी के मार्गदर्शन में निशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन 8 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. राकेश गुलानी हॉस्पिटल मिनी मार्केट संत हिरदाराम नगर में किया जा रहा है जिसमें ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल और निःशुल्क थैलेसीमिया माइनर जांच होगी। डॉ. राकेश गुलानी ने कहा कि संत हिरदाराम नगर के ज्यादा से ज्यादा परिवार इस निःशुल्क शिविर का लाभ ले ताकि हमारा सपना थैलेसीमिया मुक्त भारत का पूरा हो सके।

# कक्षा नौवीं और 11वीं की पूरक परीक्षा जून में बोर्ड पैटर्न पर होगी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों की नौवीं व 11वीं की पूरक परीक्षा जून में आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में केंद्र बनाया जाएगा। इस बार नौवीं व 11वीं में 11 लाख में से करीब ढाई लाख विद्यार्थी फेल हुए हैं, वहीं करीब 82 हजार विद्यार्थियों को पूरक है। इन विद्यार्थियों की पूरक परीक्षाएं भी बोर्ड पैटर्न के आधार पर होंगी।

नौवीं व 11वीं की पूरक परीक्षा जून के प्रथम सप्ताह तक ले ली जाएंगी, ताकि रिजल्ट 30 जून तक किसी भी स्थिति में घोषित हो जाए। प्रश्नपत्र भी बोर्ड पैटर्न पर बनेंगे, जिन्हें राज्य ओपन बोर्ड तैयार करेगा। बोर्ड को विद्यार्थियों के आंकड़ों की जानकारी दे दी गई है। इसी को आधार मानकर जिलों में पेपर भेजे जाएंगे। प्रत्येक विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ही पूरक परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा।

भाषा विषयों को छोड़कर अन्य सभी प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी में छपेंगे। पूरक



परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिला उत्कृष्ट विद्यालयों में किया जाएगा। मूल्यांकन केंद्राधिकारी माडल आंसर पोर्टल से प्राप्त कर सकेंगे। पूरक परीक्षा के प्रश्नपत्रों के बंडल पुलिस थाने में रखे जाएंगे। 10वीं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को गणित और अंग्रेजी में पूरक मिलता है। ऐसी स्थिति में नौवीं में भी इन विषयों पर फोकस किया जा रहा है, ताकि इन विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में समस्या न हो। अधिकारियों के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट उसी दशा में सुधर सकता है, जब नौंवी और 11वीं कक्षाएं विद्यार्थी ने अच्छी तरह पढ़कर पास की हां। इस कारण ये परीक्षाएं बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर होंगी ।

# कोलार में किन्नरों के गुटों में मारपीट, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

भोपाल। कोलार के परफेक्ट प्लाजा बीमाकुंज में रविवार सुबह साढ़े दस बजे मंगलवारा और बुधवारा के किन्नर गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान डंडो के साथ चाकू भी चले। विवाद में दोनों ओर से पांच किन्नर घायल हुए हैं। कोलार पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से शिकायत मिलने पर मारपीट , धमकी समेत अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोलार टीआइ आशुतोष उपाध्याय के मुताबिक बुधवारा इलाके में रहने वाला काजल बम्बईय और काजल ठाकुर गुट के किन्नरों का समूह रविवार पांच मई की सुबह करीब साढ़े दस बजे परफेक्ट प्लाजा के सामने बीमाकुंज इलाके में नेग मांगने पहुंचे थे। कुछ देर बाद मंगलवारा इलाके में रहने वाले सुरैया नायक गुट के किन्नर सदस्य भी वहां नेग मांगने पहुंच गए।दोनों गुट के आमना- सामना होते ही मारपीट होने लगी।झगड़े के बाद दोनों गुट थाने पहुंच गए थे। पुलिस ने मंगलवारा गुट की किन्नर रितिका ठाकुर गुरु सुरैया नायक (24) की शिकायत पर पल्लवी, जमीला, मोना व सिमरन किन्नर के खिलाफ और बुधवारा गुट की पल्लवी किन्नर गुरु पूजा ठाकुर (40) की रिपोर्ट पर काजल ठाकुर, काजल बम्बईया, नानू विश्वास तथा नेहा शर्मा किन्नर के विरूद्ध गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

**घर में लगाई फांसी:** परवलिया सड़क थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम झिरनिया निवासी 50 वर्षीय प्रकाश जाटव निजी काम करता है। उसके चार बच्चे हैं। उनमें से दो बच्चों की शादी भी हो चुकी है। प्रकाश शराब पीने का आदी था। आए दिन शराब पीने के बाद घर में सभी से गाली गलौज भी करता था। शनिवार रात को भी विवाद करने के बाद वह अपने कमरे में चला गया था। रविवार सुबह छह बजे स्वजन सोकर उठे तो उन्होंने प्रकाश को फांसी के फंदे पर लटका देखा। खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

**भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ने शाजापुर विधानसभा के बेरछा मंडल में मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित किया**

# भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही: अल्का गुर्जर

**शाजापुर ।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने मंगलवार को शाजापुर जिले के बेरछा मंडल में मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन कानून बनाकर देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की राजनीति शुरू हुई है। प्रधानमंत्री जी की गारंटी में देश में वंचितों, गरीबों, किसानों और महिलाओं के विकास पर काम हो रहा है और इस बदलते भारत को आज हम सब देख रहे है। वहीं कांग्रेस के शासनकाल में समाज को बांटने की राजनीति होती थी। सम्मेलन को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया, विधायक अरूण भीमावद ने भी संबोधित किया।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता समर्पित और सेवा भाव से कार्य करता है। इसी का परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बन गया है। अलका गुर्जर ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र राजनैतिक दल है जिसके कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के उद्देश्य को लेकर काम करते हैं। कोरोना काल में विपक्षी दलों के नेता एसी कमरों से बाहर तक नहीं निकलते थे, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वयं की चिंता न करते हुए जनता की सेवा में जुट रहे। उन्होंने कहा कि देश को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में समाज को एकरूपता देने, सनातन धर्म की रक्षा करने, देश का विकास करने



और पूरे विश्व में भारत का परचम फहराने वाला कोई नेतृत्व मिला है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 10 वर्षों में भारत की तस्वीर बदल दी है। हर तरफ विकास हो रहा है, सनातन धर्म को समृद्ध किया जा रहा है।

श्रीमती गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर कार्य कर रहे हैं, जिससे देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित देश के रूप में उभरे और विश्व का नेतृत्व करते हुए फिर से विश्व गुरु बने। इसी उद्देश्य को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी काम कर रहे हैं। श्रीमती गुर्जर ने कहा कि हम सभी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाना है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, गोपाल राजपूत, श्रीमती किरण ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर, जुगल नाहर, बेरछा की सरपंच श्रीमती अलका नाहर, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनी, वरिष्ठ नेता कृष्णकांत कराड़ा, करणसिंह गुर्जर उपस्थित रहे।

## दो चरण में कम रहने के बाद तीसरे चरण में बढ़ा मतदान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पिछले दो चरण के चुनाव में कम हुए लोकसभा चुनाव के मतदान के क्रम को तीसरे चरण में मतदाताओं ने तोड़ दिया। गर्मी भी लोकतंत्र के हौसले को पिघला न सकी। करीब 43 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी के बावजूद तीसरे चरण में मतदाताओं ने नौ लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 66.12 प्रतिशत औसत मतदान किया, जो वर्ष 2019 के चुनाव की तुलना में अधिक है।

सर्वाधिक 75.39 प्रतिशत मतदान राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में हुआ। यहां कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का मुकाबला भाजपा के रोडमल नागर से है। 74.05 प्रतिशत मतदान के साथ विदिशा क्षेत्र दूसरे स्थान पर रहा। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव लड़ रहे हैं। गुना लोकसभा क्षेत्र से 71.95 प्रतिशत मतदान रहा। यहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कई सीटों पर कांटे का मुकाबला होने के कारण भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को घर से निकालने में ताकत लगाई, जिससे मतदान अधिक हुआ।

**मतदान बढ़ाने राजनीतिक दलों के साथ आयोग ने झोंकी थी ताकत:** प्रदेश में पिछले दो चरण में कम मतदान होने से चिंतित राजनीतिक दलों के साथ चुनाव आयोग ने मतदान बढ़ाने के लिए ताकत झोंकी थी। सभी 20,456 मतदान केंद्रों पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाया गया तो भाजपा और कांग्रेस ने भी अपने कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्र स्तर पर सक्रिय किया। सामाजिक संगठन भी आगे आए और कई आयोजन किए।

# बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से बढ़ा मतदान प्रतिशत:विष्णुदत्त शर्मा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश में लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की 9 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में जिस प्रकार से जनता जनार्दन ने आगे बढ़कर मतदान में भाग लिया है, उसके चलते मतदान लगभग 68 से 70 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। आज सुबह खरगौन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मतदान करने के लिए जनता से की गई अपील का भी बहुत बड़ा योगदान तीसरे चरण के मतदान प्रतिशत बढ़ाने में है। प्रधानमंत्री जी की अपील का जनता जनार्दन में व्यापक असर हुआ और लोगों ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मतदाताओं के इस उत्साह से यह साबित हो गया है कि देश की जनता श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मतदान किया है। इसके लिए मैं सभी मतदाताओं, नागरिक भाईयों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं, उन्हें बधाई देता हूं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन, प्रशासन के साथ भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं और मीडिया का भी बड़ा योगदान है।

**लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता भाई-बहनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज इस लोकतंत्र के महापर्व में मध्यप्रदेश के नागरिकों, हमारे मतदाता भाई-बहनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारी माता-बहनों, युवाओं और 18-19 वर्ष के नव मतदाताओं ने भी मतदान में बढ़चढ़कर भाग लिया है। मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ एवं बैतूल लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित मतदान के लिए मैं सभी मतदाताओं, प्रदेश के नागरिकों को बधाई और धन्यवाद देता हूं। भाजपा कार्यकर्ता चौथे चरण में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश के प्रशासन और चुनाव आयोग को भी धन्यवाद देता हूं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी अभिनंदन करता हूं, जिन्हें एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश-प्रदेश की जनता में आज मतदान किया है। भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं ने अधिकतम मतदान के लिए कार्य किया है, उनको भी मैं धन्यवाद देता हूं।

विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को खरगौन में खरगौन लोकसभा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, इसके लिए हमें हर बूथ को अच्छे मतों से जीतना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्य कर रहे हैं। भाजपा के खरगौन लोकसभा प्रत्याशी श्री गजेन्द्र सिंह पटेल को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने के लिए भाजपा कार्यकता हर मतदाता के घर जाकर एक बार फिर संपर्क करें और मतदान करने की अपील करें। पार्टी प्रत्याशी बड़े अंतर से विजयी हों, इसके लिए कार्यकर्ता अपनी संपूर्ण ताकत चुनाव प्रचार के अंतिम चार दिनों में झोंक दें। बैठक को प्रदेश प्रवक्ता व सांसद श्री सुमेर सिंह सोलंकी ने भी संबोधित किया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश की जनता का अटूट विश्वास, भरोसा और स्नेह है, भाजपा 400 के लक्ष्य को प्राप्त करने जा रही है। भाजपा प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटें जीत रही है, लेकिन हमें विपक्षी दलों के उम्मीदवारों से बड़े अंतर से चुनाव जीतना है, इसके लिए हमें लोकसभा क्षेत्र के हर बूथ पर बढ़त मिले इसके लिए कार्य करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में सांसदों की बैठक में कहा था कि मैं विधानसभावार मॉनिटरिंग करूंगा कि कहां, कितनी बढ़त मिल रही है। हर हालत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्य करना है। हर बूथ पर भाजपा को बढ़त मिले, यही हमारा लक्ष्य है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी मतदान करने का आह्वान करें।

खरगौन लोकसभा के लिए 13 मई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के लिए सिर्फ चार दिन का ही समय बचा है। ऐसे में आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी बनकर हर बूथ के हर मतदाता से घर-घर जाकर संपर्क करें और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते दस वर्षों में किए गए विकास, गरीब कल्याण और जनहितैषी कार्यों के साथ लाभार्थी योजनाएं जनता को बताकर भाजपा को वोट देने की अपील करें।

## विद्युत वितरण कंपनी ने गर्मी में बिजली बिल को नियंत्रित करने की दी जानकारी

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से कहा कि वे गर्मी के मौसम में बिजली बिल नियंत्रित रखने के लिए दिए जा रहे आसान उपाय और जानकारियां अपनाकर बिजली और बिल की राशि दोनों में बचत कर सकते हैं। दिन में सूर्य के प्रकाश का अधिकतम उपयोग करें तथा गैर-जरूरी पंखे, लाईट इत्यादि उपकरणों को बंद रखें। विशेषत: कार्यालयीन समय में भोजनावकाश के दौरान, घर से बाहर एवं कक्ष से बाहर जाते समय, ध्यानपूर्वक समस्त प्रकाश, पंखे एवं कंप्यूटर मॉनिटर इत्यादि को बंद करें चाहे आप थोड़े समय के लिए ही क्यों न बाहर जा रहे हों। अपने साथियों, सहकर्मियों, अधीनस्थ कर्मचारियों एवं परिवार को प्रोत्साहित करें कि वे दिन के समय विद्युत का कम से कम उपयोग करें। घरों में उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रयोग यथासंभव एक साथ न करें क्योंकि ऐसा करने से घर की वायरिंग में विद्युत क्षति बढ़ जाती है।वार्षिक विद्युत खपत का लगभग 9 प्रतिशत केवल प्रकाश व्यवस्था पर खर्च होता है। अत: विद्युत का उपयोग अति आवश्यक अवसरों पर करने पर विद्युत खर्च में लगभग 20 प्रतिशत की कमी की जा सकती है। ब्यूरो आफ एनर्जी इफिशिएंसी द्वारा प्रमाणित कम से कम तीन सितारा चिन्हित ऊर्जा दक्ष उपकरणों का क्रय करने से ऊर्जा खपत कम की जा सकती है। अप्रमाणित उपकरण क्रय करते समय सस्ते हो सकते हैं किंतु इनमें बिजली खपत अधिक होती है एवं कुछ अंतराल के पश्चात् ये महंगे साबित होते हैं। इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे टी.वी. को स्टैण्डबाई मोड पर न रखने से 1 वर्ष में लगभग 70 यूनिट विद्युत की बचत हो सकती है।

कम्प्यूटर के मानिटर एवं कापीअर्स को स्लीप मोड में रखने से लगभग 40 प्रतिशत ऊर्जा की बचत होती है। एलईडी मॉनिटर का प्रयोग करें यह पारंपरिक सी.आर.टी. मॉनिटर की तुलना में कम ऊर्जा खर्च करता है। यदि कम्प्यूटर को चालू रखना आवश्यक हो तो मॉनिटर अवश्य बंद रखें जो कि कुल ऊर्जा का 50 प्रतिशत से अधिक खर्च करता है। यदि एक कम्प्यूटर 24 घंटे चालू रखा जाए तो यह एक ऊर्जा दक्ष फ्रिज से अधिक विद्युत खर्च करता है। अत: उपयोग न होने पर कम्प्यूटर बंद रखें। वर्तमान में एलईडी बल्ब ऊर्जा बचत हेतु अतिउत्तम विकल्प है क्योंकि इनका उपयोग करके हम बिजली की बचत कर सकते हैं। एलईडी बल्ब बार-बार चालू/बंद करने से उनकी उम्र पर असर नहीं पड़ता है।

# श्रीलंका और फिलीपींस के डेलीगेशन ने देखीं मतदान की प्रक्रिया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लोकसभा नि र्वाचन-2024 की प्रक्रिया को देखने एवं उससे जुड़े विभिन्न चरणों की प्रक्रियाओं को समझने के लिए श्रीलंका और फिलीपीन्स के 11 सदस्यीय डेलीगेशन ने मंगलवार को भोपाल और विदिशा संसदीय क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पहुँचकर मतदान प्रक्रिया देखी। उन्होंने राज्य स्तरीय पशु चिकित्सा केन्द्र, मॉडल स्कूल टी.टी. नगर, आनंद विहार स्कूल, मॉडल आईटीआई गोविंदपुरा, रफीकगंज, धबोटी, जहांगीरपुरा, कांकरखेड़ा, भाउखेड़ी सहित अनेक मतदान केन्द्रों में पहुँचकर मतदान की कार्यवाही को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री एवं अन्य अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल को मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी। इवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, इलेक्शन मॉनिटरिंग, मतदान केन्द्रों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया। इस दौरान संबंधित जिलों के निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे। इन्टरनेशनल डेलीगेशन में फिलीपीन्स के 'कमीशन ऑन इलेक्शन्स' की एसोसिएट कमिश्नर सुश्री सोकोर्रो बी. इंटिंग, डायरेक्टर सुश्री सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट सुश्री लेसली एन.सी. कॉनक्विला तथा श्रीलंका के 'प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स' के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप, कमीशन मेम्बर श्री सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर श्री अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर श्री अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर सुश्री निमालका फर्नान्डो, कमीशन मेंबर श्री विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर श्री एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री श्री माधवा देवा सुरेन्द्र शामिल हैं।



## सभी मतदाताओं का कोटि-कोटि आभार: गोविंद सिंह राजपूत

**सागर।** सागर लोकसभा में 65.74 प्रतिशत मतदान हुआ है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर लोकसभा क्षेत्र के सभी माताओ,बहनों ,बुजुर्गों, युवाओं ,नव मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे सभी मतदाताओं ने तेज धूप,गर्मी की चिंता किए बगैर मतदान किया है आप सभी के द्वारा किया गया मतदान सशक्त , विकसित भारत की नई कहानी लिखेगा उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। मतदान दिवस पर मंत्री राजपूत ने मतदान करने के पश्चात सागर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया एवं मतदाताओं को मतदान करने का लिए आग्रह किया था।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सेक्टर ऑफिसर्स से चर्चा कर मतदान की जानकारी ली



**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मंगलवार को प्रदेश के नौ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में हुए मतदान के दौरान निर्वाचन सदन स्थित इलेक्शन कंट्रोल रूम से सेक्टर ऑफिसर्स से मोबाइल पर चर्चा कर मतदान सहित अन्य जानकारियां लीं। उन्होंने सेक्टर ऑफिसर्स से पूछा - आपके यहां मतदान कैसा चल रहा है। क्या बूथ में लाईन लगी है। आप एक ही बूथ पर न रहें, बाकी बूथों की मतदान व्यवस्था भी देखें। श्री राजन ने लोकसभा क्षेत्र क्र. 18 विदिशा के अंतर्गत गंजबासौदा के सेक्टर ऑफिसर तथा लोकसभा क्षेत्र क्र.- 19 भोपाल के अधीन भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफिसर श्री विकास से चर्चा कर वहां चल रहे मतदान सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। राजन ने मतदान केन्द्रों में चल रही गतिविधियों का सीसीटीव्ही कैमरो के जरिये अवलोकन किया। उन्होंने भोपाल लोकसभा क्षेत्र के अधीन दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वैशाली नगर स्थित मतदान केन्द्र क्र.- 210, लोकसभा क्षेत्र विदिशा, राजगढ़ सहित लोकसभा क्षेत्र मुरैना की सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में चल रही मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री तरूण राठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

# चौथे चरण के सभी 8 संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत चौथे चरण के सभी 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर शीतल पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में वर्ष 2019 के चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। चौथे चरण के मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने यह बात भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री अजय भादू द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई चौथे चरण की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। श्री राजन ने बताया कि सीमावर्ती राज्यों से लगे नाकों में विशेष सावधानी बरती जा रही है। यहां पर सतत् रूप से कड़ी निगरानी की जा रही है। लगातार जब्ती की कार्यवाही भी की जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री अजय भादू ने देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खण्डवा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक से अलग-अलग चर्चा कर निर्वाचन तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि व्यय प्रेक्षक मतदान के दिन ज्यादा सतर्कता बरतें। प्रेक्षकों ने जिलों की टीम द्वारा की जा रही निर्वाचन तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी।

## चलें बूथ की ओर अभियान प्रारंभ



चौथे चरण में मतदान वाले लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में मंगलवार 7 मई से 卐चलें बूथ की ओर'' अभियान प्रारंभ हो गया है। 卐चलें बूथ की ओर'' अभियान की व्यापक स्तर पर मॉनीटरिंग की जायेगी। इस अभियान के दौरान होने वाली गतिविधियों की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्पॉट मॉनीटरिंग की जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा 卐चलें बूथ की ओर'' अभियान की मॉनीटरिंग के लिये निर्वाचन सदन के वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग संसदीय क्षेत्रों का व्यक्तिश: दायित्व सौंपा गया है। चलें बूथ की ओर'' अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। सेक्टर अधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची का सत्यापन किया जाएगा। ऐसे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता, जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर मतदान करेंगे, उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने के लिये मेन-टू-मेन मार्किंग की जायेगी। मतदाता जागरुकता के लिये सभी मतदान केन्द्रों पर स्थानीय खेल प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, महिला रैली, स्व-सहायता समूहों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, स्थानीय नागरिकों को शपथ/संकल्प पत्र का वाचन, प्रभात फेरी, मेंहदी प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, साईकिल/मोटर साईकिल रैली, चित्रकला प्रतियोगिता जैसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। चौथे चरण में प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों में सोमवार 13 मई को मतदान होना है। इन आठ लोकसभा क्षेत्रों के 18 हजार 7 मतदान केन्द्रों पर सात मई से यह अभियान शुरू हो गया है। इसमें देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगौन (अजजा) एवं खंडवा लोकसभा संसदीय क्षेत्र शामिल हैं।

## हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

विश्व हास्य दिवस एक उपहार है एवं बिना खर्च के खुशियाँ मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। मई महीने के पहले रविवार को मनाये जाने वाला यह दिन हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है।

विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।'

आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा।

उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, 'हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया।

# तप, शक्ति एवं मंगल का पर्व है अक्षय तृतीया

– ललित गर्ग–

अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। यह त्यौहार अध्यात्म, आरोग्य, मंगल एवं उपवास का विलक्षण संगम है। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। युद्ध, हिंसा एवं महामारी के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है। अक्षय तृतीया का पावन पवित्र त्यौहार निश्चित रूप से धर्माराधना, त्याग, तपस्या आदि से पोषित ऐसे अक्षय बीजों को बोने का दिन है जिनसे समयान्तर पर प्राप्त होने वाली फसल न सिर्फ सामाजिक उत्साह को शतगुणित करने वाली होगी वरन अध्यात्म की ऐसी अविरल धारा को गतिमान करने वाली भी होगी जिससे सम्पूर्ण मानवता सिर्फ कुछ वर्षों तक नहीं पीढ़ियों तक स्नात होती रहेगी। अक्षय तृतीया के पवित्र दिन पर हम सब संकल्पित बनें कि जो कुछ प्राप्त है उसे अक्षुण्ण रखते हुए इस अक्षय भंडार को शतगुणित करते रहें। यह त्यौहार हमारे लिए एक सीख बने, प्रेरणा बने और हम अपने आपको सर्वोतमुखी समृद्धि की दिशा में निरंतर गतिमान कर सकें। अच्छे संस्कारों का ग्रहण और गहरापन हमारी संस्कृति बने, तभी अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता होगी।

अक्षय तृतीया इस वर्ष 10 मई, 2024 को है। यह दिन किसानों एवं कुंभकारों के लिए विशेष महत्व का दिन हैं। शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है। लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार




तत्व है। हिन्दु धर्म में उपवास व्रत के रूप में प्रतिष्ठित है। विशिष्ट तिथियों, पर्वों, त्यौहारों पर विविध उद्देश्यों एवं कामनाओं की पूर्ति के लिये उपवास किये जाते हैं।

इस्लाम में नमाज, जकात, हज आदि बुनियादी धार्मिक कृत्यों में एक है रोजा। रोजा का अर्थ बताया गया- रुक जाना। कुरआने करीम-रोजा सब मुसलमानों का फर्ज है। रोजा उपवास का एक रूप है, जो चांद एवं तारों की साक्षी से खोला जाता है। इसी प्रकार साइबेरिया, अमरीकन- इंडियन कबीलों एवं युनाइटेड स्टेट्स के उत्तरी-पश्चिमी इलाकों में भी किसी-न-किसी रूप में उपवास किये जाते हैं- ऐसा शोधार्थी मानते हैं। उनका विश्वास है, उपवास के समय ईश्वर सपनों के माध्यम से दैवीय शिक्षा देते हैं। पेरु में पादरी के समक्ष पापों को स्वीकारने के लिये उपवास जरूरी माना जाता है। जूडेइज्म में प्रायश्चित के दिन एवं अन्य अवसरों पर उपवास का विधान है। इन सब तथ्यों का निष्कर्ष है कि उपवास सभी धर्मों और सभी देशों में धार्मिक आस्था के साथ हुआ व्यापक उपक्रम है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या एवं उपवास से उनका समाधान संभव है। संभवतः इसीलिए लोग विशेष प्रकार की तपस्याएं करते हैं और तपस्या के द्वारा संसार की आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों संपदाओं को हासिल करने का प्रयास करते हैं। जैन धर्म में वर्षीतप यानी एक वर्ष तक तपस्या करने वाले साधक इसदिन से तपस्या प्रारंभ करके इसी दिन सम्पन्न करते हैं। यह संसार से मोक्ष की मुस्कान, शरीर को तपाने और आत्मस्थ करने का अवसर है।

अक्षय तृतीया तप, त्याग और संयम का प्रतीक पर्व है। इसका सम्बन्ध भगवान ऋषभदेव के युग और उनके कठोर तप से जुड़ा होने से वर्षीतप की परम्परा चली। यह ऋषभ की दीर्घ तपस्या के समापन का दिन है। अपने आदिदेव की स्मृति में जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में असंख्य श्रावक-श्राविकाएं वर्षीतप करते हैं। जिनकी तपस्या का पूर्णाहुति एवं नये वर्षीतप के संकल्प के लिये इस दिन देशभर में आचार्यों और मुनियों के सान्निध्य में अनेक आयोजन होते हैं। इसका मुख्य आयोजन हस्तिनापुर (जिला मेरठ- उत्तर प्रदेश) में श्री शांतिनाथ जैन मन्दिर में एवं प्राचीन नसियांजी, जो भगवान ऋषभ के पारणे का मूल स्थल पर आयोजित होता है, वहां पर देशभर से हजारों तपस्वी एकत्र होते हैं और अपनी तपस्या का पारणा करते हैं। सभ्यता और संस्कृति की विकास यात्रा का नाम है ऋषभ। वे सम्राट से संन्यासी बने, उनके प्रति जनता में गहरा आदर भाव था। यही कारण रहा कि उनके प्रजाजनों को इस बात का ज्ञान नहीं था कि भगवान ऋषभदेव को भिक्षा में भोजन की भी आवश्यकता होगी।

भगवान ऋषभ प्रतिदिन शुद्ध आहार की गवेषणा एवं तलाश करते हुए घर-घर में घूमते, लेकिन अज्ञानता के सघन आवरण के कारण कोई भी उन्हें भोजन उपहृत नहीं करता। लोग उन्हें आदर के साथ हाथी, घोड़े, रथ, रत्नाभूषण, रत्न जड़ित पादुकाएं ग्रहण करने की प्रार्थना करते। उनका मत था कि वे अपने सृजनहार को अपने पास की सबसे बड़ी एवं कीमती वस्तु उपहृत करें। इस तरह बिना आहार के भगवान ऋषभ की तपस्या के बारह महीने पूरे हो गए। इस क्रम में आप पादविहार करते हुए हस्तिनापुर पधारते हैं। आपका प्रपौत्र श्रेयांस कुमार राजमहल के गवाक्ष में बैठा सड़क के दृश्य को देख रहा है। अचानक उसकी नजरें सड़क पर भिक्षा की गवेषणा में नंगे पैर घूमते अपने संसारपक्षीय परदादा भगवान ऋषभदेव पर पड़ती है। भगवान ने प्रपौत्र श्रेयांस के हाथों इक्षुरस का सुपात्र दान लेकर एक नई परम्परा की शुरूआत की। इन अप्रत्याशित क्षणों के साक्षी बनकर देवलोक से समागत देवतागण भी अहोदानं-अहोदानं की ध्वनि प्रकट करते हुए पांच प्रकार के द्रव्यों की वर्षा की। एक दृष्टि से धर्म क्षेत्र में नयी सोच के दर्शन कराने वाला दिन बन गया। यही सन्दर्भ तपस्या और साधना का शुभ मुहूर्त बन गया। प्रतीकात्मक रूप में इसे वर्ष भर तक एकांतर तप (एक दिन छोड़कर पुनः उपवास) की साधना के साथ मनाये जाने की परम्परा ने विगत कुछ वर्षों में काफी जोर पकड़ा है। तपस्या को जैन धर्म साधना में अत्यन्त महत्पूर्ण स्थान दिया जाता है। मोक्ष के चार मार्गों में तपस्या का स्थान कम महत्वपूर्ण नहीं है। तपस्या आत्मशोधन की महान प्रक्रिया है और इससे जन्म जन्मांतरों के कर्म आवरण समाप्त हो जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि इसकी साधना से जीवन विकास की सीख हमारे चरित्र की साख बने। हममें अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागे। यह आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा बने।

सनातन धर्म में इसी दिन शादियों के भी अबूझ एवं स्वयंसिद्ध मुहूर्त रहता है और थोक में शादियां होती है। अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहा जाता है। माना जाता है कि इस दिन जो भी कार्य किए जाते हैं वे पुरी तरह सफल होते हैं एवं शुभ कार्यों को अक्षय फल मिलता है। भविष्य पुराण एवं स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को रेणुका के गर्भ से भगवान विष्णु ने परशुराम रूप में जन्म लिया था। जो दक्षिण भारत में बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाती है। साथ ही यह भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। साथ ही अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है तथा गृह प्रवेश, पदभार ग्रहण, वाहन खरीदना, भूमि पूजन आदि शुभ कार्य करना अत्यंत लाभदायक एवं फलदायी होते हैं। इतना ही नहीं अक्षय तृतीया के दिन ही वृंदावन के बांके बिहारी के चरण दर्शन एवं प्रमुख तीर्थ बद्रीनाथ के पट (द्वार) भी अक्षय तृतीया को ही खुलते हैं।

# संकुचित व षड्यंत्रकारी चुनावी विमर्श अत्यंत चिंतनीय

निर्मल रानी

विगत चार दशकों से भारतीय जनता पार्टी भगवान राम के नाम पर राजनीति कर स्वयं को स्थापित करने की कोशिश करती रही है। आख़िरकार धार्मिक ध्रुवीकरण व राम मंदिर की राजनीति ने उसे केंद्रीय सत्ता में आने में मदद की और यह भाजपा का लोकप्रिय मुद्दा बन गया। अब वही भाजपा इससे भी दो क़दम आगे बढ़कर जहाँ सर्वव्यापी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को अपना निजी %भगवान % समझने लगी है वहीँ अपने विरोधी दलों को राम विरोधी तो राम द्रोही आदि प्रचारित कर रही है। इसी दल की एक सांसद यहाँ तक कह चुकी है कि जो हमारे साथ हैं वह रामज़ादे हैं और जो ख़िलाफ़ हैं वह %हराम ज़ादे % हैं। इसके साथ ही स्वयं बहुसंख्यकवाद की राजनीति करने वाली यही भाजपा अपने विरोधी दलों को अल्पसंख्यक परस्त व मुस्लिम तुष्टीकरण करने वाले दलों के रूप में पूरे ज़ोर शोर से प्रचारित कर रही है। अपने इस %अनैतिक% अभियान में वह वर्तमान चुनावी बेला में सार्वजनिक मंचों से जिन शब्दों व वाक्यों का इस्तेमाल कर रही है वह भारतीय राजनीति के इतिहास का अब तक का सबसे गिरा व निम्नस्तरीय चुनाव अभियान है। यह इस बात का भी परिचायक है कि अबकी बार चार सौ पार का हवाई नारा देने वाली भाजपा व इसके शीर्ष नेता समझ चुके हैं कि जनता अब उनके विघटनकारी मंसूबों को समझ चुकी है। और 400 पार की बात तो दूर इस बार तो उनकी सत्ता में वापसी पर भी प्रश्न चिन्ह लग चुका है।

ग़ौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर अयोध्या स्थित विवादित मंदिर मस्जिद मुक़ददमे का निर्णय सुनाया गया। इसी फ़ैसले में केंद्र सरकार से एक ट्रस्ट बनाकर मंदिर निर्माण करने को कहा गया। यहाँ यह भी क़ाबिल-ए-ग़ौर है कि मंदिर-मस्जिद अदालती वाद परिवाद में मुद्दई के रूप में न तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ था न विश्व हिन्दू परिषद् न ही भाजपा। परन्तु केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार होने के नाते बड़ी ही चतुराई से ट्रस्ट के गठन से लेकर मंदिर निर्माण व उद्घाटन तक के इस पूरे प्रकरण का भाजपा द्वारा %निजीकरण % कर लिया गया। यहाँ तक कि 22 जनवरी 2024 को हुये मंदिर उद्घाटन के दौरान इसके प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक विधि विधान सम्बन्धी तौर तरीक़ों व समय को लेकर देश के चारों शंकराचार्यों सहित तमाम संतों महंतों द्वारा इसका कितना तार्किक विरोध किया गया। परन्तु उन सब की अनसुनी कर दी गयी। और मंदिर ट्रस्ट से लेकर इसके उद्घाटन तक को पूर्णतः भाजपाई इवेंट के रूप में पेश किया गया। और अब उसी आधार पर यह कहकर वोट माँगा जा रहा है कि %जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे%।

देश के चारों शंकराचार्य ही नहीं बल्कि हज़ारों वरिष्ठ संतों ने तथा भाजपा विरोधी दलों ने यह बखूबी समझ लिया था कि ट्रस्ट गठन से लेकर प्राणप्रतिष्ठा तक का पूरा कार्यक्रम पूरी तरह राजनैतिक व अनैतिक है। इसी लिये जहां शंकराचार्यों ने इस आयोजन में शिरकत नहीं की वहीँ विपक्षी दलों के नेताओं ने भी 22 जनवरी के इस %राजनैतिक आयोजन % से दूरी बनाये रखी। इतना ही नहीं बल्कि कई प्रमुख केंद्रीय मंत्री व भाजपाई मुख्यमंत्री भी अभी तक अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर दर्शन करने नहीं गए हैं। परन्तु भाजपा के निशाने पर केवल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेता हैं। भाजपा इसे लेकर ऐसे ऐसे दुष्प्रचार कर रही है ताकि वह किसी तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के अन्य दलों व उनके नेताओं को राम विरोधी साबित कर सके। अफ़सोस की बात तो यह है कि कल के धर्मनिर्पेक्षतावादी जो आज भगवा रंग में रंग रहे हैं उनसे भी भाजपा यही कहलवा रही है कि कांग्रेस राम विरोधी है। और कांग्रेस अयोध्या मंदिर दर्शन करने का विरोध करती है।

जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेट अयोध्या दर्शन करने जा चुकी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय रॉय पूरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ राम मंदिर जा चुके। सांसद दीपेंद्र हुडा , छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जेसे तमाम कांग्रेस नेता 22 जनवरी के बाद अयोध्या जा चुके हैं। परन्तु कांग्रेस आला




कमान ने किसी नेता से इस विषय पर कोई सवाल नहीं किया। क्योंकि कांग्रेस शुरू से यही मानती आ रही है कि धर्म व धर्म पालना किसी भी व्यक्ति का आस्था सम्बन्धी अत्यंत निजी विषय है। इसकी पालना करने या न करने का प्रत्येक व्यक्ति का अपना निजी अधिकार है। कांग्रेस ने न तो कभी राम के नाम पर वोट माँगा न ही राम के विरोध के नाम पर। परन्तु दुष्प्रचार की इंतेहा यह कि नरेंद्र मोदी स्वयं यह कह रहे हैं कि मैं %लोकसभा चुनाव में 400 सीट इसलिए जीतना चाहता हूं कि ताकि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला ना लगा दे। कांग्रेस की चली तो कांग्रेस कहेगी कि भारत में जीने का पहला हक भी उसके वोट बैंक (मुसलमानों) का है। लेकिन जब तक मोदी ज़िंदा है, नक़ली सेक्युलरिज़्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा, और ये हज़ारों वर्ष पुराने भारत को, उसकी इस संतान की गारंटी है। %% देश के प्रधानमंत्री के मुंह से निकला हुआ यह वाक्यविपक्षी दलों के लिये कितनी कुंठा से भरा व हताशा से परिपूर्ण प्रतीत होता है ?

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर

- ललित गर्ग -

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पर्दापाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?




कह तो सभी यही रहे हैं--÷बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।÷ लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है।

मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।

कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है।

खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड?इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## बेतूल में विधायक आरै सांसद ने किया मतदान



विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी लाइन में खड़े होकर परिजनो साथ मतदान किया। वहीं भाजपा सांसद प्रत्याशी दुर्गादास ऊइके अपने बूथ क्रमांक 51पहुँचकर सह परिवार आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए मतदान किया है। आमला मे भी विधायक कार्यकर्ताओ के साथ उत्साहित नजर आये । जाकिर हुसैन वार्ड गर्ग कालोनी दुर्गा चौक पर पार्टि टेंट पर लगे नियम विरुद्ध भाजपा कांग्रेस के झंडे को पुलिस प्रभारी द्वारा उतर वाई टेंट पर दोनों पार्षद और पूर्व पार्षद संजू सोलंकी मौजूद रहे थे।आजाद वार्ड में ईवीएम मशीन बंद होने से लगभग एक घण्टे वोटिंग बंद रही कांग्रेस नेता समीर खान ने प्रशासन की लापरवाही बताया तब बैटरी बदलकर मशीन चालू करवाई गई थी। बैतूल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भोड़देही के ग्रामीणों ने गांव में सड़क न होने के कारण मतदान का बहिष्कार किया और 585 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया।

## बूट हाउस में लगी आग, सारा सामान जलकर हुआ खाक



नगर के बुधवारी बाजार मेन रोड स्थित बूट हाउस मे शार्ट सर्किट से आग लग गयी, दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। रात 9 बजे के करीब दुकान मालिक जब दुकान बंद कर गया। उसके बाद आग लग गयी। वही बूट हाउस के बाजू की दुकानो में भी आग फैल गई। बाजू में कपड़े की दुकान तक आग फैल गई दुकान ओर समान जल गया। मौके पर दमकल वाहन पहुचा लेकिन पानी दुकान के अंदर नही जा पा रहा था। जिससे द्धष्ठ्ठ मशीन से दुकान का शटर तोड़ा गया। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दुकानों का सारा सामान जल गया बडी सखया के साथ हीरो प्रशासनिक अमला मौजूद रहा

## कचरा घर की जगह हो गई तार फिनिशिंग घरेलू कचरा फेंकने को परेशान स्थानीय लोगों



अब डस्टबिन गायब है

दमोह-शहर में सार्वजनिक खाली स्थानों पर अक्सर लोगों की नजर रहतीं हैं और मौका देखकर वे कब्जा भी कर लेते है।

स्थानीय केंद्रीय विद्यालय से विजय नगर कॉलोनी के सामने अब लोगों ने टपरे रख लिए है जिससे सड़क मार्ग सकरा हो गया इसके साथ ही यहां लगे नगरपालिका के डस्टबिन भी गायब कर दिए गए है जिससे खाली स्थान पर भी टपरे रखे जा सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरा गाड़ी भी नहीं आती है डस्टबिन में कचरा डालते थे वह भी गायब हो चुकी है इसलिए घरेलू कचरा फैंकने में समस्या होने लगी है पर जिम्मेदार ध्यान नहीं देते है।

**इनका कहना है**

मैं चेक करवा लेती हूं
सुषमा धाकड़ सीएमओ नपा. दमोह

## विवाह की 50वीं वर्षगांठ पर टिकरया दंपत्ति ने हनुमान टौरिया को दिए 5 लाख रुपए



**छतरपुर।** समाजसेवी एवं अमूल एजेंसी के संचालक सुरेन्द्र टिकरया -श्रीमति उमा की विवाह की 50 वीं वर्षगांठ नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल हनुमान टौरिया मंदिर में वैदिक रीति रिवाज से हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर टिकरया दम्पति ने हनुमान टौरिया मंदिर के विकास के लिए 5 लाख रुपए अर्पित करने की घोषणा की। जिसका सभी उपस्थित सुधिजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। हनुमान टौरिया मंदिर में सबसे पहले विराजित सभी विग्रहों का अभिषेक -पूजन किया गया। तत्पश्चात दैनिक हवन-यज्ञ और पूर्णाहुति के बाद वैवाहिक वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर सभी परिजनों, इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों के साथ ही हनुमान टौरिया सेवा समिति एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने टिकरया दम्पति को यशस्वी, सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएं दीं। मंदिर के प्रधान पुजारी राजू महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# बैतुल की पांच विधान सभा में 75.52 प्रतिशत मतदान



**सांध्य प्रकाश बैतूल संवाददाता योगेश गुप्ता ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम जिले में लगभग 75.52 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि बैतूल विधानसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं ने कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था को उजागर किया है। भैंसदेही में सर्वाधिक मतदान क्षेत्र के कुल 2 लाख 65 हजार 910 में से 2 लाख 15 हजार 459 मतदाताओं वोट किया। इसमें 1 लाख 8 हजार 148 पुरुष, 1 लाख 7 हजार 311 महिला मतदाताओं के साथ 81.31 प्रतिशत मतदान किया गया। घोड़ाडोंगरी के 2 लाख 64 हजार 172 में से 2 लाख 8 हजार 192 ने मतदान किया। इनमें से 1 लाख 5 हजार 158 पुरुष मतदाता और 1 लाख 3 हजार 31 महिला मतदाता, अन्य 3 सहित 78.94 प्रतिशत मतदान किया गया।

मुलताई विधानसभा क्षेत्र के कुल 2 लाख 32 हजार 293 में से 1 लाख 69 हजार 187 लोगो ने मतदान किया। इनमें 87 हजार 88 पुरुष एवं 82 हजार 98 महिला सहित एक अन्य मतदाता है। कुल 73.14 प्रतिशत मतदान किया।

आमला विधानसभा के 2 लाख 16 हजार 363 में से 1 लाख 55 हजार 852(72.12) प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। इसमें 79 हजार 755 पुरुष एवं 76 हजार 97 महिलाएं शामिल है। बैतूल जिले में 2 लाख 57 हजार 577 मतदाताओं में से 1 लाख 84 हजार 922(71.92) लोगों ने मतदान किया। इनमें 95 हजार 1 पुरूष एवं 89 हजार 921 महिलाएं शामिल है। दो-दो घंटे में बढ़ता रहा मतदान का प्रतिशत जिले में सुबह 7 से 9 बजे तक 16.62 प्रतिशत मतदान हुआ। उसके बाद 9 से 11 बजे तक प्रतिशत 34.63 तक जा पहुंचा। सुबह 11 से 1 बजे तक 51.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। दोपहर बाद 1.00 से 3.00 तक मतदाताओं के मतदान की गति एक जैसी रही। प्रति 2 घंटे लगातार 15 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर 3.00 बजे तक मतदान 59.63 प्रतिशत तक आ गया। दिन भर की भीषण गर्मी मतदाताओं के मतदान के लिए बढे हुए कदमों को नहीं रोक सकी। उन्होंने मतदान की गति निरंतर बनाए रखी। दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक 67.97 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 5 से 6 बजे तक लगभग 75.52 प्रतिशत मतदान जिले में हुआ। आजाद वार्ड में एक घंटे बन्द रही ईव्हीएम में आई खराबी को किया दुरुस्त कुछ स्थानों पर कुछ-कुछ मिनट के लिए ईव्हीएम बंद होने की खबर थी। जिसे तुरंत पीठासीन अधिकारी द्वारा सुधरवाकर पुनः मतदान प्रारंभ किया गया। मुलताई में दो एवं सुभाष स्कूल स्थित मतदान केंद्र जेएच कॉलेज में ईव्हीएम को तुरंत ठीक करवारकर पुनः मतदान चालू कराया गया। बीमार मतदान कर्मी को तुरंत कराया हॉस्पिटलाईज

मुलताई के अंतर्गत ग्राम दातोरा मतदान केंद्र 149 के पी-3 श्री गिरधारी लाल यादव 43 वर्ष निवासी दामजीपुरा की तबीयत खराब होने के कारण कुर्सी से गिर पढ़ने की शिकायत पर उन्हें तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से मुलताई चिकित्सालय ले जाया गया। डॉक्टर के अनुसार वे एक एल्कोहोलिक शख्स है। जिसे मिर्गी के दौर भी आते हैं। को तत्काल हॉस्पिटलाईज कर उपचार प्रारंभ किया गया। पीड़ित गिरधारी लाल यादव का उपचार कराया गया है।हरदा एवं टिमरनी में हुआ मतदान हरदा एवं टिमरनी विधान सभा में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक हरदा जिले में 65.39 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जिसमें टिमरनी में 68.24 प्रतिशत तथा हरदा में 63.10 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 70.23 प्रतिशत पुरुष तथा 66.12 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार हरदा विधानसभा क्षेत्र में 66.45 प्रतिशत पुरुष तथा 59.54 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 68.08 प्रतिशत मतदान किया गया। इसमें 80 हजार 960 पुरुष मतदाता और 74 हजार 656 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार 68.95 प्रतिशत पुरुष एवं 67.17 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

## बैतूल में चुनाव करवाकर ईवीएम लेकर वापिस आ रही चलती बस में लगी आग

### 4 केंद्रों की मतदान सामग्री को नुक़सान बस जलकर ख़ाक



बैतूल। लोकसभा चुनाव संपन्न करवाकर ईवीएम और मतदान कर्मियों को लेकर लौट रही बस में अचानक आग लगने की घटना सामने आई है। कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि जिले के छह मतदान केंद्रों से बस बैतूल आ रही थी। साईंखेड़ा थाना क्षेत्र के बिसनूर और पौनी गौला गांवों के बीच हादसा हुआ। बस में कुल 6 मतदान केंद्रों की ईवीएम मशीन विपत मशीन वह अन्य सामग्री रखी हुई थी। जिसमें से दो मतदान केंद्र की सामग्री पूरी तरह सुरक्षित है। और चार मतदान केंद्रों की सामग्री में नुकसान हुआ है।

श्री सूर्यवंशी ने कहा कि घटना की रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी और कलेक्टर ने बताया कि स्वयं और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर तत्काल ही पहुंच गए थे। घटना रात्रि करीब 11-00 बजे की है। फायर ब्रिगेड पर पहुंची और आग पर काबू किया गया। फायर फाइटर वाहनों के आने के इंतजार में आग भड़क गई तदुपरांत फायर फाइटर वाहनों से आग को बुझाया गया। ड्राइवर ने जलती बस से कूद कर जान बचाई। कर्मचरियो और ईवीएम को लाने दूसरी बस पहुंच गई थी।

## आंजनी खरीदी केंद्र प्रभारी मुकेश उदेनिया एवं खरीदी केंद्र प्रभारी जितेंद्र देवलिया सहित

### अन्य कर्मचारियों के 10 दिवस के वेतन की कटौती के आदेश जारी

**दमोह** - सहायक आयुक्त सहकारिता एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी दमोह द्वारा सेवा सहकारी समिति आंजनी द्वारा संचालित गेहूँ एवं चना, मसूर, सरसों खरीदी केंद्र स्थल नायक वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गेंहू उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति आंजनी स्थान नायक वेयरहाउस आंजनी खरीदी केंद्र प्रभारी (चना, मसूर, सरसों) मुकेश उदेनिया, खरीदी केंद्र प्रभारी (गेहूँ) जितेंद्र देवलिया, गेहूँ खरीदी सर्वेयर (समिति स्तरीय) वेदांत अवस्थी, गेहूँ खरीदी सर्वेयर (गोदाम स्तारीय) भूपेंद्र यादव, चना, मसूर, सरसों सर्वेयर प्रणय रंगडाले एवं समिति प्रबंधक प्रकाश असाटी के द्वारा कृषकों की समय पर तौल न कराये जाने एवं खरीदी केंद्र पर समय पर उपस्थित नहीं होना एवं उपार्जन केंद्र पर कृषकों के लिये पर्याप्त व्यवस्थायें न होना जो उपार्जन नीति स्पउष्ट? उल्लंपघन है। साथ ही नायक वेयरहाउस आंजनी के संचालक द्वारा उपार्जन केंद्र पर कृषकों के लिये छाया एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जोकि गोदाम स्तर पर उपार्जन हेतु त्रिपक्षीय अनुबंध का उल्लंघन है।

उक्त के संबंध में अपर कलेक्टर मीना मसराम द्वारा आदेश जारी कर नायक वेयरहाउस आंजनी खरीदी केंद्र प्रभारी (चना, मसूर, सरसों) मुकेश उदेनिया (मूल पद विक्रेता शा.उ.मू. दुकान), खरीदी केंद्र प्रभारी (गेहूँ) जितेंद्र देवलिया (मूल पद विक्रेता शा.उ.मू. दुकान) को दोषी पाये जाने के आरोप में 10 दिवस के वेतन की कटौती के आदेश उपायुक्त सहकारिता को दिये गये एवं समिति प्रबंधक प्रकाश असाटी को भी दोषी पाये जाने के आरोप में 10 दिवस के वेतन की कटौती के आदेश महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह को दिये गये, साथ ही सर्वेयर (चना, मसूर, सरसों) प्रणय राहंगडाले (एन.सी.एम.एल.) एवं गेहूँ उपार्जन सर्वेयर (समिति स्तरीय) वेदांत अवस्थी एवं गेहूँ उपार्जन सर्वेयर (गोदाम स्तरीय) भूपेंद्र यादव (आर.बी. एसोसिएट) की सेवायें उपार्जन कार्य पर नहीं लिये जाने के आदेश पारित किया गया।

## विदिशा लोकसभा में शामिल भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा में 73.39 प्रतिषत मतदाताओं ने किया मतदान

### 77.06 प्रतिशत पुरूष 69.43 प्रतिशत महिला और 47.62 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने किया मतदान

**औबेदुल्लागंज संवाददाता -(सुरेश केवट)**- लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा में सभी 918 मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। चाहे वृद्ध हो या युवा मतदाता या महिला मतदाता सभी मतदान करने के लिए उत्साहित थे। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर लम्बी-लम्बी कतारें देखीं गईं। मतदान केन्द्रों पर युवाओं से लेकर वयोवृद्ध मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में पीछे नहीं रहे और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी जिम्मेदारी निभाई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। हर आयु वर्ग के मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान करने खासे उत्साहित थे। भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा में कुल 73.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 77.06 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 69.43 प्रतिशत महिला मतदाता और 47.62 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। इन तीनों विधानसभाओं में कुल 558912 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 304739 पुरूष मतदाता, 254163 महिला मतदाता और 10 अन्य मतदाता शामिल हैं। कलेक्टर दुबे ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैम्प सहित सभी जरूरी इंतजाम किए गए। वृद्ध तथा दिव्यांग मतदाताओं को लाइन से हटकर पहले मतदान की सुविधा भी दी गई। सभी मतदान केन्द्रों पर छाया, बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध रहीं। मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए आने वाले नवीन मतदाताओं तथा वृद्ध मतदाताओं का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।




### विधानसभावार मतदान की जानकारी

जिले के भोजपुर विधानसभा में कुल 74.73 प्रतिशत मतदान हुआ है। इनमें 77.54 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 71.70 प्रतिशत महिला मतदाता तथा 50 प्रतिशत अन्य मतदाता शामिल हैं। सांची विधानसभा में कुल 72.65 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 76.69 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 68.30 प्रतिशत महिला मतदाता और 57.14 प्रतिशत अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार सिलवानी विधानसभा में कुल 72.74 प्रतिशत मतदान हुआ है। इनमें 76.93 प्रतिशत पुरूष मतदाता तथा 68.19 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। भोजपुर विधानसभा में 195758 मतदाताओं ने मतदान किया है। जिनमें 105339 पुरूष मतदाता, 90403 महिला मतदाता तथा 6 अन्य मतदाता शमिल हैं।

### मतदान केंद्रो पर आकर्षण का केंद्र बने सेल्फी पाइंट

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल रायसेन जिले के भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान केन्द्रों पर लगाए गए सेल्फी प्वाइंट मतदाताओं के आकर्षण का केन्द्र रहे। इस प्रकार के नवाचारों ने विशेषकर युवा वर्ग के लिए लोकतंत्र के महापर्व को रुचिकर बनाया है। मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करने के पश्चात स्वयं एवं परिवार के सदस्यों के साथ सेल्फी पाइंट में खड़े होकर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड की गई।

# घायलों से मिलने पहुंचे बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा

### मृतक के परिजनों तथा घायलों को आर्थिक सहायता



मंडला/अजीत पटेल। जिले के विधानसभा भुआ-बिछिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर में विगत दिवस 07 मई दिन मंगलवार के शाम को आई तेज आंधी-तूफान के प्रकोप में ग्राम पंचायत रामनगर के बाजार स्थल में स्थित पुराना पीपल का पेड़ गिरने से बहुत ही दुखद तरीके से दो महिलाओं की मृत्यु हो गई। वहीं पेड़ गिरने से बाजार आये हुए अन्य 30 से भी अधिक लोगों बहुत गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही जनप्रिय एवं जनता के सहयोगी जनप्रिय नेता बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा तत्काल घटना स्थल की जानकारी लेकर घटना में घायल हुए लोगों के लिए तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कराकर घायल लोगों को इलाज़ के लिए जिला चिकित्सालय व योगिराज हॉस्पिटल मंडला भेजकर घायलों के साथ-साथ पहुंचकर घायलों से मुलाक़ात की और डॉक्टरों को यह हिदायत दी गई कि घायलों को बेहतर से बेहतर उपचार दिया जावे तथा घायलों के बेहतर चिकित्सा एवं दवाइयां देने हेतु निर्देशित किया गया। अभी भी घायलों का इलाज उक्त चिकित्सालयों में चल रहा है और बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा द्वारा चिकित्सकों को यह विशेष हिदायत दी गई है है कि उक्त दर्दनाक हादसे के शिकार हुए सभी घायल मेरे परिवार के सदस्य हैं और उनका बेहतर से बेहतर इलाज किया जावेगा तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य हेतु मेरे द्वारा हर संभव सहयोग मेरे द्वारा किया जायेगा। वहीं बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा द्वारा इस दुख की घड़ी में दुखित परिवारों के साथ संवेदनायें व्यक्त की गई तथा बेहतर स्वास्थ्य -चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया गया हैं।

### बिछिया विधायक ने पीड़ितों के लिए तत्काल किया हर संभव प्रयास

इस दर्दनाक घटना में 2 महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा अन्य 30 से भी अधिक व्यक्ति घायल हुए हैं जिनमें 07 लोग बहुत ही गंभीर रूप से तथा 29 लोग आंशिक रूप से घायल हैं। जिला कलेक्टर एवं बिछिया विधायक तथा अन्य समाजसेवियों एवं घायलों के परिजनों के प्रयासों से गंभीर रूप से घायलों को मेडीकल कॉलेज जबलपुर भेजा गया है तथा बाकी घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय मंडला में किया जा रहा है। घटना में सुक्कोबाई झारिया एवं खुजलो बाई की मृत्यु हो गई है।जानकारी के अनुसार मंगलवार को रामनगर में स्थानीय बाजार का दिन था,शाम को करीब 05 बजे के आसपास तेज आंधी-तूफान के कारण बाजार स्थल के नजदीक एक बड़ा पीपल का पेड़ गिर गया और घटना स्थल पर भगदड़ शुरू हो हुई और घटना से पीड़ित लोगों को चिकित्सालयों में पहुंचाने की व्यवस्था की जाने लगी। उक्त हादसे में हुए मृतक के परिजनों तथा सभी घायलों को तत्कालिक रूप से बेहतर इलाज एवं आर्थिक सहायता दी जा रही है,साथ ही पात्र सम्बल हितग्राहियों को आर्थिक सहायता तथा आरबीसी के तहत रांहत राशि दिया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने लिया घायलों के उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा

जिला कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मंगलवार की शाम को रामनगर में हुई इस दर्दनाक घटना के घायलों के उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर द्वारा घायलों एवं उनके परिवार वालों से बेहतर इलाज एवं आर्थिक सहायता को लेकर चर्चा करते हुए उनकी कुशलता पूछी गई। जिला कलेक्टर द्वारा डॉक्टरो एवं जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया कि जिला चिकित्सालय के एक्स-रे, सीटी स्केन, ब्लडबैंक, पेथोलॉजी एवं बेहतर इलाज हेतु आवश्यक अन्य समस्त सेवाओं तथा दवाइयां एवं स्टाफ आदि की सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराते हुए घायलों को समुचित उपचार प्रदान किया जावे, घायलों की बेहतर स्वास्थ्य-सुविधाएं,दवाईयों की उपलब्धता, परिजनों के रूकने एवं उनके भोजन व्यवस्था एवं समस्त आवश्यक पोषण आहार की तत्कालिक सहायता प्रदान करने के जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए।इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई

**छतरपुंर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर के मीटिंग हॉल में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य मनीष रूसिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने प्राचार्य को निर्देश दिये कि इस तरह की बैठक निरंतरता के साथ हो। जिससे कि केन्द्रीय विद्यालय का विकास और भी बेहतर तरीके से हो सके। पिछली मीटिंग 13 अक्टूबर 2023 के बिन्दुओं पर चर्चा कर उनकी स्थिति का आकंलन पूर्ण रूप से संपन्न किया गया।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने बजट का उत्कृष्ट उपयोग करने के निर्देश दिये और यह भी कहा कि राशि लैप्स नहीं होनी चाहिए। जितनी भी स्कूल के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की आवश्यकताओं को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा फील्ड विजिट पर लेकर जाये और कार्यालयों का भ्रमण करवाएं जिससे वो उनकी कार्यप्रणाली को समझ सके। नगरपालिका के साथ मिलकर वर्मीकम्पोस्टिंग में बच्चों के साथ भागीदारी करें। स्कूल के समीप क्लीनअप ड्राइव का आयोजन करें। जिससे कि स्वच्छता का पाठ उन्हे प्रत्यक्ष रूप से मिल सके। स्कूल परिसर में खेलों के लिए मूलभूत संरचना की पूर्ति करें। इन बैठकों में बच्चों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। स्कूल प्रांगण में सोलर पैनल के जरिए सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधन के बारे में बच्चों को अवगत कराएं। कार्बन केडिट कमाने के लिए प्रिसिंपल महोदय को विशेष आग्रह किया गया। स्कूल परिसर में रेडियो क्लब की स्थापना भी करवाएं, जिससे बच्चों की कुशलताओं में बढ़ोत्तरी हो सके। स्कूल में बच्चों को समक्ष हर एक व्यवसाय के रूप में अतिथि के रूप में बुलाकर ज्ञान का संचार करें।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया और कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा की और उनके भविष्य के योजनाओं के बारे में जानकारी ली। स्कूल परिसर में खेल मैदान और स्पोर्ट रूम का निरीक्षण करते हुए सुझाव के निर्देश दिये। कक्षा 10वीं के छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने, बिना मानसिक तनाव के पढ़ने और सकारात्मक रूप से अपने विद्यार्थी जीवन का निर्वहन कर आनंद लें।

# सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में इनिशिएटिव लॉन्च की

जम्मू, एजेंसी। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने एक अग्रणी पहल की घोषणा की है जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में सर्टिफाइड सोना मसूरी धान के बीजों के मुफ्त वितरण के द्वारा किसानों को सपोर्ट करना है, जो क्षेत्र में किसानों के बीच अपनी हाई क्वॉलिटी और उपज क्षमता के लिए जाने जाते हैं। सर्वेश्वर का लक्ष्य एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड चावल की किस्मों के बीज उपलब्ध करवाकर कृषक समुदाय को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत सर्वेश्वर खरीद सुविधा केन्द्र में सोना मसूरी धान के सर्टिफाइड सीड्स का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। यह इनिशिएटिव स्थानीय कृषक समुदायों को मज़बूत बनाने और क्षेत्र में एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए सर्वेश्वर फूड्स के समर्पण को दर्शाती है। जम्मू और कश्मीर में किसानों के सामने आने वाले इकनॉमिक चैलन्जेस के मद्देनजर, सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रोहित गुप्ता ने एक कम्पैशनट इनिशिएटिव की घोषणा की है। एग्रीकल्चरल स्पेशलिस्ट टीम की देख-रेख में सर्वेश्वर ने निःशुल्क धान बीज वितरण का संकल्प लिया है। यह वितरण विशेष रूप से जम्मू के गैर-बासमती उत्पादक क्षेत्रों को टार्गेट करेगा। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में किसानों के कल्याण और हितों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें समर्थन देना है। सोना मसूरी चावल मध्यम अनाज वाले चावल की एक किस्म है जो मुख्य रूप से दक्षिणी भारत में उगाया जाता है।

# एसरी इंडिया ने 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल किया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मेंजियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने 10 लाख यूज़र्स का आंकड़ा हासिल कर लिया है। यह शानदार उपलब्धि इस देश में विविध उद्योगों में फैले व्यापक ग्राहक आधार के विश्वास एवं वफादारी काप्रमाण है। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्रकुमार ने कहा, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के जश्न के मौके पर मैं हमारे उन सभी यूज़र्स का हृदय से आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने एसरी इंडिया को भारत में एसरी टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाले 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल करने में मदद की है। यह बढ़ा हुआ यूज़र आधार इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत सरकार के संगठन और उद्योग अपने अपने क्षेत्रों में जबरदस्त परिणाम हासिल करने के लिए जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज़ की संभावनाओं का व्यापक स्तर पर दोहन कर रहे हैं। वर्ष 2021 और 2022 में भारत सरकार द्वारा घोषित अनुकूल नीतियों के साथ जागरूकता बढ़ने से सरकार, अकादमिक संस्थानों और निजी क्षेत्र में यूज़र्स महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने और ऐसे ऐप्लीकेशंस तैयार करने जिनका उपयोग संगठनों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किया जा सके, जीआईएस को अपना रहे हैं।

# फिक्की एफएलओ विशेष रूप से समर्थ लोगों की आजीविका के लिए प्रतिबद्ध, मिट्टी कैफेस के साथ साझीदारी का विस्तार



नई दिल्ली, , एजेंसी। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की महिला इकाई फिक्की एफएलओ ने मिट्टी सोशल इनिशिएटिव फाउंडेशन (एसएसआईएफ) के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) का विस्तार कर देशभर में आजीविका को सशक्त करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इस गठबंधन का लक्ष्य विशेष रूप से सक्षम कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे प्रख्यात मिट्टी कैफेस श्रृंखला को प्रोत्साहित करना है। दिल्ली के सर्वोच्च न्यायालय, मुंबई के टर्मिनल 2 और अमृतसर जैसे प्रमुख स्थानों पर सफल साझीदारी के आधार पर फिक्की एफएलओ और एमएसआईएफ देशभर में अपने प्रभाव का विस्तार करने की तैयारी में हैं। इस नए गठबंधन का उद्देश्य विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए और अधिक अवसरों का सृजन करना और समाज में समावेशिता को बढ़ावा देना है। मिट्टी कैफेस जैसी पहल में सहयोग कर फिक्की एफएलओ का लक्ष्य सशक्तिकरण को नई ऊंचाई पर ले जाना और अनूठी क्षमताओं वाले लोगों के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है जिससे वे कार्यबल में फल फूल सकें।

# रैडबस ने लोक सभा चुनावों के बीच मई के दौरान एमपी में बुकिंग्स में 35 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की

इंदौर एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाईन बस टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म रैडबस ने अप्रैल और मई के दौरान मध्य प्रदेश में टिकट बुकिंग में दो अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की है। मध्य प्रदेश चुनावी पर्व के लिए तैयार है, इस बीच रैडबस ने मई में होने वाले चुनावों के लिए पिछले साल की तुलना में अपने प्लेटफॉर्म पर 35 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। पिछले साल अप्रैल की तुलना में अप्रैल 2024 में इंटरसिटी यात्रा के लिए बस बुकिंग में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े रैडबस प्लेटफॉर्म पर हुई बुकिंग्स पर आधारित हैं। मांग में यह बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि बस यात्रा नागरिकों को अपने मतदान के बुनियादी अधिकार के लिए उनके घर तक पहुंचाने और मतदान स्टेशनों को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। रैडबस के आंकडों के मुताबिक टॉप रूट्स नीचे दिए गए हैं जिन पर अप्रैल में हुए पहले और दूसरे चरण के मतदान के दौरान मांग सबसे अधिक रही: इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, बस ऑपरेटर रोज़ाना लगभग 5200 से अधिक सर्विसेज़ का संचालन कर रहे हैं। रैडबस ने चार मुख्य हब्स को पहचाना है- इंदौर से विजय नगर और तीन इमली स्क्वेयर तथा भोपाल से हबीबगंज और लाल घाटी, जहां मांग बढ़ने की उम्मीद है। रैडबस देश भर के यात्रियों को बस यात्रा का विश्वसनीय एवं सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

# आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड का रु. 48.75 करोड़ का राइट्स इश्यू 8 मई, 2024 को खुलेंगा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** सोने के आभूषणों के प्रमुख निर्माताओं और हॉलसेलर्स में से एक आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड का (बीएसई - एजीओएल - 542579) रु. 48.75 करोड़ का राइट्स इश्यू 8 मई, 2024 को खुलेंगा। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं, नए क्षेत्रों में प्रवेश और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए किया जाएगा। कंपनी का राइट इश्यू रु. 5.85 प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया जाता है जो 3 मई, 2024 को बंद शेयर मूल्य पर 57.45त्न की छूट दिखाता है। राइट्स इश्यू 27 मई, 2024 को बंद होगा।

कंपनी रु. 1 के अंकित मूल्य के 8,33,28,666 फुल्ली पेइड इक्विटी शेयर रु. 5.85 प्रति इक्विटी शेयर (रु. 4.85 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर जारी करेगी, जिसका कुल मूल्य रु. 48.75 करोड़ होगा। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1~3 पर तय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक रु. 1 के 3 इक्विटी शेयरों के लिए रु. 1 के अंकित मूल्य का 1 इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 21 मई, 2024 है।

आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि, कंपनी ने हाल के दिनों में उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने, विभिन्न बाजारों के लिए नई प्रोडक्ट लाइनें और कलेक्शन लॉन्च करने पर ध्यान देने के साथ महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल की है। हमारा लंबे समय के लिए फोकस टीम डेवलपमेंट में निवेश करना और भारत की सबसे बड़ी बीटुबी प्रदर्शनियों में भाग लेना जारी रहेगा। इश्यू से होने वाली आय कंपनी की बैलेंस शीट को और मजबूत करेगी और इसकी विस्तार योजनाओं और रणनीतिक विकास पहलों को वित्त पोषित करने में मदद करेगी।




कंपनी के बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने 10 अप्रैल, 2024 को पात्र इक्विटी शेयरधारकों को रु. 48.75 करोड़ से अधिक की राशि के लिए राइट्स इश्यू के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी। राइट्स इश्यू के बाद, कंपनी के कुल बकाया शेयर बढ़कर 33,33,14,666 इक्विटी शेयर हो जाने चाहिए, जो राइट्स इश्यू से पहले 24,99,86,000 इक्विटी शेयर थे।

सोने के आभूषणों के अग्रणी निर्माताओं और हॉलसेलर्स में से एक आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड 28 वर्षों से अधिक समय से व्यवसाय में है और सोने के आभूषण उद्योग में अग्रणी रही है। कंपनी का अहमदाबाद में 14,000 वर्ग फुट में फैला एक मेन्युफेक्चरिंग यूनिट और बैंगलोर में एक ब्रान्च ऑफिस है।

कंपनी विभिन्न ग्राहक वर्गों के लिए कलेक्शन की एक रेन्ज पेश करती है। कंपनी के पास मायिन, काविस और अर्ज़िश नामक तीन कलेक्शन हैं जो हाइ एन्ड से लेकर मीड-मार्केट और वेल्यु मार्केट सेगमेन्ट तक विविध ग्राहक सेगमेन्ट को पूरा करते हैं। कंपनी की प्रोडक्ट रेन्ज में नेक्लेस, बैंगल्स, ब्राइडल ज्वेलरी और चोकर शामिल हैं।

कंपनी का 14,000 वर्ग फुट की फैक्ट्री प्रिमाइसीस और अहमदाबाद में सीजी रोड पर कॉर्पोरेट हाउस है। फैक्ट्री में 200 से अधिक कारीगर (आभूषण कारीगर) कार्यरत हैं और इसकी क्षमता 400 कारीगरों की है। कंपनी के प्रतिष्ठित ग्राहकों में भारत के बड़े कॉर्पोरेट दिग्गज जैसे टाइटन कंपनी लिमिटेड - तनिष्क, मलाबार गोल्ड, कल्याण ज्वैलर्स, सेनको गोल्ड लिमिटेड और कई अन्य शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2024 के लिए, कंपनी ने रु. 165.06 करोड़ की बिक्री दर्ज की जो वित्त वर्ष 2023 में रु. 158 करोड़ की बिक्री के मुकाबले 4.46 प्रतिशत की वृद्धि है, वित्त वर्ष 2023 में एबिटा 165 प्रतिशत बढ़कर रु. 9.62 करोड़ रुपये हो गई, शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023 से 317 प्रतिशत बढकर रु. 7.42 करोड़ हुआ। कंपनी ने पिछले 5 वर्षों के दौरान बेहतर रिटर्न अनुपात के साथ बिक्री में 6.48 प्रतिशत और शुद्ध लाभ में 74 प्रतिशत का मजबूत सीएजीआर हासिल किया है।

# सचिन तेंदुलकर के साथ एजेस फेडरल का क्रेडल टू क्रीज अभियान

**मुंबई,** । एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने नवीनतम ब्रांड अभियान %क्रेडल टू क्रीज% के माध्यम से, जीवन बीमा के महत्व को रेखांकित करते हुए, क्रिकेट के महानायक सचिन तेंदुलकर के जीवन की प्रेरणादायी यात्रा को प्रस्तुत किया है। यह अभियान वित्तीय योजना की आवश्यकता और जीवन बीमा के महत्व को उजागर करता है, जिससे हर व्यक्ति भविष्य का सामना आशा और विश्वास के साथ कर सके।

ईरम किदवई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और हेड-मार्केटिंग, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस के अनुसार, %क्रेडल टू क्रीज% अभियान का उद्देश्य वित्तीय योजना और बीमा के आसपास की कहानियों को नया आयाम देना है। तेंदुलकर की यात्रा यह दर्शाती है कि वित्तीय सुरक्षा के लिए कोई निश्चित उम्र या समय नहीं होता।

इस अभियान में नवोन्मेषी तकनीकी का उपयोग करते हुए, एजेस फेडरल ने जेन एआई और डीप फेक तकनीकों को सकारात्मक रूप से एकीकृत किया है, जिससे जीवन बीमा की आवश्यकता के बारे में जनता को शिक्षित किया जा सके। यह अभियान विभिन्न आयु वर्गों के दर्शकों को आकर्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

ब्रांड का दीर्घकालिक दर्शन ¤फ्यूचर फीयरलेस को आगे बढ़ाते हुए, यह अभियान लोगों को जीवन बीमा में समय पर निवेश करने की याद दिलाता है, ताकि वे जीवन की अनिश्चितताओं का सामना कर सकें। फिल्म जीवन बीमा उत्पादों की विविधता और प्रासंगिकता को दर्शाती है, और यह संदेश देती है कि अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कभी भी देर नहीं होती। मुकुंद ओल्टे, सीसीओ, वीएमएल ने कहा कि क्रेडल टू क्रीज अभियान ने तकनीकी का प्रयोग करते हुए एक नई कहानी गढ़ी है, जिसे पहले नहीं कहा जा सकता था।

# प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट में कई क्षेत्रों के कंटेस्टेंट द्वारा नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) के उल्लंघन के बाद की गई कानूनी कार्रवाई

मुंबई , एजेंसी। प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट ने कई कंटेस्टेंट और पार्टिसिपेंट्स द्वारा नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) के गंभीर उल्लंघन के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इस उल्लंघन में संवेदनशील जानकारी का अनधिकृत खुलासा शामिल था, जो कि गोपनीय शर्तों का उल्लंघन है जिस पर सभी प्रतिभागियों ने सहमति व्यक्त की थी।ब्यूटी पेजेंट ग्लोबल लेवल पर एक जाना-माना इवेंट है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। एनडीए का उल्लंघन करने वाले कंटेस्टेंट दिल्ली, यूएसए, छत्तीसगढ़, संयुक्त अरब अमीरात, उत्तर प्रदेश, रांची, बैंगलोर, मध्य प्रदेश, हांगकांग और तमिलनाडु से हैं। सख्त एनडीए के बावजूद, कुछ कंटेस्टेंट ने गोपनीय जानकारी लीक कर दी, जो अब इवेंट की रेप्यूटेशन और इंटीग्रेशन के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। पेजेंट आयोजकों ने नियमों के उल्लंघन के जवाब में तत्काल कानूनी कार्रवाई की है, लीक के सोर्स की पहचान करने और इसमें शामिल सभी पक्षों की पहचान करने के लिए जांच शुरू की है।

# सुमितोमो मित्सुई फाइनेंशियल ग्रुप, जापान ने विकास को बढ़ावा देने के लिए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में किया

मुंबई , एजेंसी। सुमितोमो मित्सुई फाइनेंशियल ग्रुप, इंक. (एसएमएफजी) ने राइट्स इश्यू के द्वारा एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) (एसएमआईसीसी) में 1,300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एसएमआईसीसी ने अपनी फुल्ली ओन्ड सब्सिडियरी एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड) (एसएमएफजी गृहशक्ति) में 150 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए, एसएमआईसीसी के चीफ फ़ाइनेंशियल ऑफिसर श्री पंकज मलिक ने कहा, हमारा मानना है कि एसएमएफजी द्वारा 1,300 करोड़ रुपये के फंड का निवेश एसएमआईसीसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह रणनीतिक कदम हमारे विस्तार प्रयासों को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एसएमआईसीसी ने देश में वंचित आबादी के लिए किफायती आवास से संबंधित वित्तीय समाधान लाने के अपने प्रयास को बढ़ाने के लिए एसएमएफजी गृहशक्ति में 150 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस निवेश के साथ, हम अपनी बाजार उपस्थिति को बढ़ाने, निरंतर विकास को आगे बढ़ाने और अपने ग्राहकों को पहले से बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए तैयार हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक एसएमआईसीसी की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 42,487 करोड़ रुपये थी, जो साल-दर-साल 24त्न की वृद्धि को दर्शाती है। अप्रैल 2023 से दिसंबर 2023 की अवधि के लिए संवितरण 28,790 करोड़ रुपये का था, जो साल-दर-साल 46त्न की वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी ने देश भर में 990 शाखाओं तक अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है।

# संस्थानों का नेतृत्व करें अधिक से अधिक महिलाएं: जगदीप धनखड

## बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) के 36वें दीक्षांत समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन

नई दिल्ली , एजेंसी। भारत के एक प्रमुख बी-स्कूल, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपना 36वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया।

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की उपस्थिति से यह ऐतिहासिक समारोह गरिमापूर्ण रहा। उत्साह और उमंग से भरे छात्रों ने पूरी तन्मयता के साथ उपराष्ट्रपति के संबोधन को सुना। इस समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की प्रतिष्ठित चेयरपर्सन श्रीमती जयश्री मोहता और बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रवीणा राजीव भी मौजूद थीं।

छात्रों को प्रेरित करते हुए, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि, बिमटेक के 36वें दीक्षांत समारोह में शामिल होना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। मुझे गर्व है कि हमने विमन रिजर्वेशन बिल पारित किया है, और मैं अधिक से अधिक महिलाओं को संस्थानों का नेतृत्व करते हुए देखना चाहता हूं। बिमटेक की चेयरपर्सन जयश्री मोहता, समाज को वापस लौटाने का एक सच्चा उदाहरण पेश कर रही हैं, इसलिए, मैं आपके फैकल्टी और आपके स्टूडेंटस को संसद के नए भवन में विजिट करने के लिए आमंत्रित करता हूं और हमें वहां भी चर्चा करने का अवसर मिलेगा। उपराष्ट्रपति ने स्नातकों को आगे सलाह दी, ''आप सभी स्नातक, भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना याद रखें। आप सभी आर्थिक, तकनीकी और सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने वाले भविष्य के लीडर हैं। परिवर्तन को अपनाएं, निरंतरता बनाये रखें और असफलता से कभी न डरें। आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस उल्लासपूर्ण कार्यक्रम में 478 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इस दौरान पीजीडीएम, पीजीडीएम-इंटरनेशनल बिजनेस (आईबी), पीजीडीएम-रिटेल मैनेजमेंट (आरएम) और पीजीडीएम-इंश्योरेंस बिजनेस मैनेजमेंट (आईबीएम) के छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। उद्घाटन भाषण के दौरान, श्रीमती मोहता ने कहा, ''यह दीक्षांत समारोह न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पूरे बिमटेक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के समान है। हमें बैच के आकार में उपलब्धियों और वृद्धि पर बेहद गर्व है। आज हम वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का जश्न मनाने के लिए यहां हैं। आज बिमटेक के स्नातक प्रोफेशनलिज्म के मैदान में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं, इस खास अवसर पर मैं उन्हें एक काबिल और समर्थवान लीडर और चेंजमेकर बनने की शुभकामनाएं देती हूं।''

वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए डॉ. प्रवीणा




राजीव ने बिमटेक की शानदार विरासत पर प्रकाश डाला और कहा, ''बिमटेक मानकों को कायम रखते हुए हमने हमेशा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की प्रतिभा को और आगे बढ़ाने पर निरंतर फोकस किया है। इसी सिलसिले में यह दीक्षांत समारोह अकादमिक प्रतिभा और उत्सव का प्रतीक है।''

उन्होंने छात्रों को सुझाव दिया, ''अपने पेशेवर सफर को जुनून के साथ शुरू करें और अपनी विशिष्टता को अपनाएं। मैं अपने सभी स्नातकों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।'बिमटेक ने सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी (एसएमयू) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 'इन्क्लूविसव एंड इमर्सिव एक्सपीरियंशियल लर्निंग (द्ब2ड्डरु) प्रोग्राम' के तहत किए गए इस समझौते के अंतर्गत

# एक्सालियॉन एक्टिव की शक्ति से लैस एफिकॉन बीएएसएफ भारतीय किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है

सागर । छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40प्रतिशत तक भारी नुकसान पहुँचता है. अब भारतीय किसान आज लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं. एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है। अनूठी क्रियाविधि रखने वाला एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से कीटनाशकों की एक नई श्रेणी (समूह 36-पायरिडाजाइन) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है, जिससे यह एक श्रेष्ठतर कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन का साधन बन जाता है। पहली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया में एफिकॉन कीटनाशक लॉन्च किया गया था. भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है, जहाँ इतनी जल्दी यह नई केमिस्ट्री उपलब्ध होने जा रही है, जिससे किसानों को मुश्किल चुनौती पेश करने वाले रस चूसने वाले कीटों पर काबू पाने में मदद मिलेगी। एशिया पैसिफिकस्ट्रेटजी के अनुरूप, बीएएसएफ खास तौर से स्थानीय बाजार की जरूरतों के लिए समाधान विकसित कर रहा है. बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस, एशिया पैसिफिककी सीनियरवाईसप्रेसिडेन्टसिमोन बर्ग ने कहा बीएएसएफ में, हम जो कुछ भी करते हैं वह कृषिकार्य के प्रति लगाव के चलते करते हैं. हम किसानों की जरूरतों को समझने के लिए किसानों की आवाज़ सुनकर काम करने के प्रति समर्पित हैं, जिससे कि फसलों को कीटों से बचाने और उत्पादकता बढ़ाने की मुश्किल चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में उनकी मदद करने के लिए हम अपनी विशेषज्ञता का प्रयोग कर धरती पर सबसे बड़े काम में सहायता प्रदान कर सकें। एफिकॉन कीटनाशक की एक महत्वपूर्ण खूबी इसकी अनूठी क्रियाविधि है. यह चेपा, फुदका और सफेद मक्खियों जैसे कीटों के जीवनकाल की कई अवस्थाओं पर अत्यधिक असरदार है. प्रयोग किए जाने पर, एफिकॉन से तुरंत कीटों द्वारा भक्षण कर पौधों को चोट पहुँचाना रूक जाता है. यह अपने प्रणालीगत गुणों के कारण लंबे समय तक चलने वाला अवशिष्ट नियंत्रण प्रदान करता है। अपने प्रणालीगत गुणों के चलते, एफिकॉन नई फसल की बढ़वार के लिए भी लंबे समय तक चलने वाला अवशिष्ट नियंत्रण प्रदान करता है. बीएएसएफ इंडिया के एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस के बिजनेस डायरेक्टर गिरिधर रानुवा ने कहा यह नवाचार दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के रस चूसने वाले कीटों को काबू में लाने में किसानों की मदद करने की बीएएसएफ की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है. एफिकॉन से भारतीय किसानों को कपास और सब्जियों जैसी विभिन्न प्रकार की फसलों में कीटों पर असरदार नियंत्रण पाने और लंबी अवधि की सुरक्षा में मदद मिलेगी. लेबल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रयोग किए जाने पर एफिकॉन परागणकों सहित गैर-लक्षित सजीवों और लाभकारी कीड़ों के लिए भी अत्यधिक अनुकूल है। एफिकॉन की सहायता से यह उपलब्धि ऐसा कीटनाशक पोर्टफोलियो विकसित करने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे दुनिया भर के किसानों को मदद मिलेगी. बीएएसएफ भारतीय उद्योग और कृषि की अपनी क्षमता अधिकतम करने में मदद करने के लिए तत्पर है. बीएएसएफ एग्रीकल्चरलसॉल्यूशंस के ग्लोबलस्ट्रेटेजिक मार्केटिंग के सीनियरवाईसप्रेसिडेन्ट डॉ. मार्को ग्रोजदानोविक ने कहा, ''भारतीय किसान उन्नत समाधान प्राप्त करने के अधिकारी हैं, जिससे कि उन्हें नवाचारों के साथ रस चूसने वाले कीटों में प्रतिरोध का प्रबंधन कर पैदावार बेहतर करने में मदद मिल सके. उन्होंने आगे कहा ''हमें पूरा विश्वास है कि किसानों को असरदार और टिकाऊ समाधान उपलब्ध कराकर, हम पर्यावरण पर प्रभाव कम करते हुए खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग पूरी करने में किसानों की मदद कर सकते हैं।

बीएएसएफ के एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस डिवीज़न के बारे में: हम जो कुछ भी करते हैं वह खेतीबाड़ी के प्रति लगाव के चलते करते हैं.अपने भागीदारों और कृषि विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करते हुए और सभी व्यवसायिक निर्णयों में स्थिरता मानदंडों को एकीकृत करते हुए हम किसानों की मदद करते हैं, जिससे वे सकारात्मक ढंग से संधारणीय कृषि कर सके. इसीलिए हम सभी बिजनेस संबंधी निर्णयों में संवहनीयता मानदंडों को एकीकृत करने के लिए पार्टनर्स और एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम कर रहे हैं. 2023 में क्व900 मिलियन के साथ, हम क्षेत्र में व्यावहारिक कामकाज़ के साथ नवाचारी सोच को जोड़ते हुए मजबूत अनुसंधान व विकास पाइपलाइन में निवेश करना जारी रखेंगे. हमारे सॉल्यूशंस विभिन्न फसल प्रणालियों के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं. किसानों, उत्पादकों और मूल्य श्रृंखला में अपने अन्य हितधारकों के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम देना संभव बनाने के लिए हम बीजों और लक्षणों, फसल सुरक्षा उत्पादों, डिजिटल सांधनों और संवहनीयता दृष्टिकोण को एक साथ जोड़कर चलते हैं. प्रयोगशाला, क्षेत्र, कार्यालय और उत्पादन में व्यस्त टीमों के साथ, हम कृषि के लिए संवहनीय भविष्य का निर्माण करने के लिए हमारे काबू में जो कुछ भी है वह सब कुछ करने के लिए तत्पर हैं.2023 में, हमारे विभाग ने क्व10.1 बिलियन का विक्रय किया.

# एथर एनर्जी के तरुण मेहता ने कहा कि भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए आरएंडडी निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए



मुंबई , एजेंसी। हाल ही में अपने एक ट्वीट में एथर एनर्जी के सीईओ, तरुण मेहता ने भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट (आरएंडडी) में निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्यमियों को भारत में एक मिलियन इंजीनियर्स के आरएंडडी का लक्ष्य बनाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने चीन की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, बीवायडी द्वारा आरएंडडी में किए गए बड़े निवेश और इसमें इंजीनियर्स की बढ़ती हुई टीम के बारे में भी बताया। मेहता ने कहा कि टेक्नोलॉजिकल प्रगति में चीन की सफलता, खासकर इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में, आरएंडडी में किए गए भारी निवेश के कारण संभव हुई है। उन्होंने बताया कि बीवायडी के पास अब चीन के बाहर संपूर्ण ऑटो उद्योग के मुकाबले ज्यादा बड़ी आरएंडडी टीम है, जिससे उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता लाने के लिए आरएंडडी की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा, ''आरएंडडी टीम का आकार एक लाख लोगों तक पहुँच रहा है, जिनमें से 20 से 30 हजार इंजीनियरों की भर्ती पिछले साल ही की गई है! एक्स पर उन्होंने लिखा, ''आज हम जिस जनसांख्यिकीय लाभ की स्थिति में हैं, उसमें तेजी से ऊपर उठने के लिए हमारी नीति को आरएंडडी पर केंद्रित किया जाना जरूरी है। याद रखें, सप्लायर्स वहीं आकर सुविधाएं स्थापित करते हैं, जहाँ ऑटो निर्माता उत्पादन करते हैं। ऑटो निर्माता वहाँ उत्पादन करते हैं, जहाँ उनके नए उत्पाद का विकास (एनपीडी) होता है। और नए उत्पाद का विकास वहाँ होता है, जहाँ पर इंजीनियर होते हैं। इसीलिए आज चीन नए उत्पाद के विकास में सबसे आगे है ताकि यह मैनुफैक्चरिंग के लाभ को बनाकर रख सके।''

## अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

**अमरवाड़ा।** अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में दिनांक 8 मई को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन आदर्श शिवोम विद्या मंदिर तालाब रोड अमरवाड़ा में किया गया है। जिसमे दीपक साहू सरस बैतूल, अमित बिल्लोरे सोहागपुर, नितेश नैश भोपाल, प्रेमनारायण साहू बरेली, रामनाथ आदित्य कठोतिया, भुवनसिंह धांसू अमरवाड़ा, कवयित्री रचना बैरागी वारासिवनी अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। आयोजन के संबंध में विनोद सनोडिया अंजान ने बताया कि कार्यक्रम रात्रि 8 बजे प्रारम्भ होगा।

## बेसहारा परिवारों के लिए संबल बनी नटनी माई सेवा समिति

### तीन छोटी बच्चियों को 600रू. माह आजीवन मदद करेगी समिति

**अमरवाड़ा।** नगर की नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति निर्धन और बेसहारा बच्चों और परिवारों के लिए अब संबल बनी हुई है। शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण सभी के लिए समिति अपना हाथ सबसे आगे बढ़ा रही है। परोपकारी कार्यों को लेकर पूरे जिले में इस समिति ने अपना एक अलग नाम कमाया है। नगर के समीपस्थ ग्राम कुदवारी निवासी भगवान दास यादव का 41 वर्ष की उम्र में विगत वर्ष बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वही भगवान दास की पत्नी वेदकुमारी अपनी तीन बेटियों मानसी,लेखा और शिवांगी के भरण पोषण के साथ-साथ उनकी शिक्षा दीक्षा की भी समस्या को लेकर लगातार परेशान हो रही थी। जिसके बाद कुदवारी के कुछ लोगों द्वारा समिति से इस परिवार की मदद हेतु आग्रह किया गया। वहीं समस्या की गंभीरता व बच्चियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए समिति के पदाधिकारी सहित सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि पीड़ित परिवार को शासकीय योजनाओ के अलावा समिति की तरफ से रू.600 प्रति माह देने का निर्णय लिया गया। वहीं समिति के इस ऐतिहासिक फैसले से स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सराहना की। तीनों बच्चियों सहित मां वेद कुमारी को बुलाकर वचन पत्र सौंपकर प्रथम माह के रू.600 उन्हें भेंट किया गया।

## सड़क सुरक्षा एवं् जागरूकता का 500 कैडेट्स के समक्ष किया गया डेमॉन्स्ट्रेशन

**छिंदवाड़ा।** कन्या परिषद में आयोजित हो रहे 24 एमपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में जबलपुर ,बालाघाट, छिंदवाड़ा एवं सिवनी के एनसीसी कैडेट्स सहभागिता कर रहे हैं ज्ञात हो कि 24 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के नेतृत्व एवं एडम आफिसर कर्नल के पी विजय कुमार के कुशल प्रशासन में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी के कैंडेट्स फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट सेक्शन ड्रिल ,गार्डन ऑफ़ ऑनर ,का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं साथ ही भारतीय सेना के बुनियादी एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण ले रहे हैं इसमें फायरिंग ऑप्सटिकल ट्रेनिंग का निरंतर अभ्यास करवाया जा रहा है , साथ ही साथ इस कैंप में एनसीसी कैडेट्स के स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण की व्यवस्थाएं भी की गई है किसी वजह से एनसीसी कैडेट्स के अस्वस्थ हो जाने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### रिकॉर्ड रूम लैब और फर्नीचर जले 2 लाख की हुई नुकसानी

**अमरवाड़ा।** नगर के समीप ग्राम छुई के शासकीय हाई स्कूल में आग लग गई जिसकी वजह से यहां रिकॉर्ड टेबल कुर्सी स्कूल की सामग्री जल गई लगभग दो लाख की नुकसानी हुई है जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है बिल्डिंग से धूआ उठते देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल स्कूल संचालक और अमरवाड़ा फायर ब्रिगेड वाहन को दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर आप पर काबू पाने का प्रयास किया वही मौके पर अमरवाड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित विनोद वर्मा मनमोहन सिंगारे और शिक्षा विभाग की वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और निरीक्षण किया इस घटना से स्कूल के रिकॉर्ड रूम लैब फर्नीचर को काफी नुकसान हुआ है वही आपको बता दे की अमरवाड़ा विकासखंड के अधिकांश स्कूलों में बिजली फिटिंग कई सालों की है जिनमें सुधार कार्य कभी नहीं होता है।

## तामिया की गोंड जनजाति पुस्तक का हुआ विमोचन



छिंदवाड़ा। समाजसेवी कार्यों में अग्रणी रहने वाली रिसर्चर, वर्ष 2020में डाक्टर बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू से एम फिल समाजशास्त्र की डिग्री प्राप्त वर्तमान में जन अभियान परिषद की परामर्शदाता, श्रीमती लता नागले द्वारा तामिया, की गोंड जनजाति के प्रवास पर लिखी पुस्तक का विमोचन गत दिवस आई. पी . एस.कॉलेज में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के हस्ते हुआ।इस अवसर पर पर्यावरण विद,राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित विनोद तिवारी , श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी,अशीष साहू, डाक्टर महेश बन्देवार, डी पी मालवी सहित सीएमसीएलडीडीपी पाढयक्रम के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट उपस्थित थे। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए श्रीमती लता नागले ने कहा की मेरा सौभाग्य है की मेरी कर्मभूमि छिंदवाड़ा में मेरी पहली पुस्तक जनजातीय प्रवास जो तामिया की गोंड जनजाति के प्रवास पर लिखी गई है जिसका विमोचन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन सर के शुभ हाथो से किया गया जो मेरे लिए गर्व की बात है।

## हल्की बारिस होने की संभावना

छिंदवाड़ा। भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान ( 08 मई ङ्क 12 मई 2024 ) मध्यम से हल्के बादल रहने एवं दिनांक 08.05.2024, 09.05.2024, 12.05.2024 को हल्की बारिस होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 25-26 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है। अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 40-53 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 21-26 प्रतिशत रहने की संभावना है ।

# आईपीएल सट्टे पर पुलिस की रेड 25 हजार नगद, मोबाइल जब्त



**छिंदवाड़ा।** थाना कोतवाली में आईपीएल (क्रिकेट) सट्टा एक्ट की बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने सटोरियों से 25 हजार नगद व मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एपी सिंह द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु समस्त थाना / चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया हैं । बीती रात परासिया रोड कचरा घर ग्राउण्ड में आई.पी.एल क्रिकेट में जीत हार का दाव लगाकर धनार्जन करने कि मुखबिर सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली को मय पुलिस बल के साथ उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया । थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही हेतु परासिया रोड कचरा घर ग्राउण्ड में पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर, घेराबंदी कर आरोपी अंकित पिता किशोर उम्र 29 वर्ष निवासी मोहन नगर छिंदवाड़ा को पकड़ा गया जिसके कब्जे से दो नग मोबाईल, रुपये पैसे का हिसाब लिखा रजिस्टर एवं नगदी 15,000/- रुपये तथा आरोपी से बारीकी से पूछताछ पर एक अन्य आरोपी शुभम पिता किशोर साव उम्र 28 साल निवासी पुराना बैल बाजार छिंदवाड़ा को दबिश देकर पकड़ा गया, जिसके कब्जे से एक नग मोबाईल व नगदी 10,000/- रुपये, कुल नगदी 25,000/- रुपये जप्त कर आरोपियो का कृत्य पब्लिक गेम्बलिंग (म.प्र.) एक्ट 1976 की धारा 4 (क) व 109 भादवि के तहत् पाये जाने पर अप.क्र. 315/2024 पंजीबद्ध कर आरोपियो के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। आईपीएल सट्टा पकड़ने में कोतवाली टीआई उमेश गोल्हानी, सउनि ब्रजेश सिंह रघुवंशी, आर. विकास, ममता, शैलेन्द्र, साय रघुवंश आदित्य रघुवंशी, नितिन की विशेष व सराहनीय भूमिका रही ।

### 69 वाहनों पर कार्रवाई 28 हजार समन शुल्क वसूला

यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस अभियान के दौरान हेलमेट ने पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ 46 समन शुल्क 13800,सीट बेल्ट न बांधने वाले चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 5 समन शुल्क 2500 सहित अन्य उल्लंघन करने पर दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों पर 28800 रूपए समन शुल्क वसूल की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी यातायात द्वारा कार्रवाई की गई।

## अतिक्रमण को लेकर महिला से की बदसलूकी



छिंदवाड़ा। नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सड़कों पर बैठे व्यापारियों और दुकानदारों पर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत एक महिला सड़क पर हाथ ठेले में सब्जी बेच रही थी उसी दौरान हटाने निगम के कर्मचारी आ गए उनकी महिला के साथ तूतू मैं मैं हुई इस दौरान कर्मचारियों ने महिला से बदसलूकी की।

## संदीप रघुवंशी ने लोकसभा चुनाव बैतूल मे झोंकी पूरी ताकत



**बैतूल।** लोक सभा क्षेत्र बैतूल, हरदा ,हरसुद में भाजपा प्रत्याशी डीडी उइके की जीत के लिए प्रतिबद्ध भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। लोकसभा क्षेत्र के गांव गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रत्येक ग्राम में भाजपा तो सक्रिय नजर आई लेकिन कहीं ना कहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में कमी देखने को मिली है।इसकी वजह की जब पड़ताल की गई तो इसमें भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संदीप रघुवंशी की सक्रियता प्रमुखता से देखने को मिली है। भाजपा ने बैतूल लोकसभा की जिम्मेदारी श्री रघुवंशी को दी थी। इस जिम्मेदारी के निर्वहन को देश हित मे मानते हुए श्री रघुवंशी ने बैतूल जिले की पांच विधान सभाओं में सघन जनसम्पर्क शुरू किया । श्री रघुवंशी ने जिले की मुलताई , बैतूल, भैसदेही, घोड़ा डोंगरी और आमला सारणी में जनसम्पर्क शुरू किया और जमीनी हकीकत को दृष्टिगत रखते हुए अपना केम्पेन शुरू किया। जनसम्पर्क के दौरान बैतूल विधायक हेमन्त खण्डेलवाल, भाजपा प्रत्याशी डीडी उइके, जिला भाजपा अध्यक्ष बबला शुक्ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा ठाकुर समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ट्रक ड्राईवर्स के लिए एमेज़ॉन इंडिया ने लॉन्च किया हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम- 'सुश्रुत'



**छिंदवाड़ा।** एमेज़ॉन इंडिया ने ट्रक ड्राईवर्स के लिए एक विस्तृत हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम 'सुश्रुत' लॉन्च किया। एमेज़ॉन के 350 ट्रकिंग पार्टनर्स हैं, जिनके पास हजारों ट्रक ड्राईवर्स नौकरी करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य इन ट्रक ड्राईवर्स की स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने जीवन का ज्यादातर समय सड़क पर बिताते हैं। इसके साथ ही, यह ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवार के लिए लंबे समय तक स्वास्थ्य की अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। बेंगलुरु, मानेसर (हरियाणा), और देश के अन्य हिस्सों में ट्रक ड्राईवर्स के लिए हैल्थ कैंप्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 70 से अधिक स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की जा रही है। प्रेमांश फाउंडेशन, आँचल हैल्थ सेंटर और डॉकऑनलाईन जैसे एनजीओ के साथ गठबंधन में चलाए जा रहे इन कैंप्स में से पहले कैंप का आयोजन जनवरी, 2024 में बैंगलुरू में किया गया था और हाल ही में संपन्न हुआ मानेसर का कैंप काफी सफल रहा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रक ड्राईवर्स ने हिस्सा लिया। एमेज़ॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज़ के डायरेक्टर, अरुण कुमार सिंह ने कहा, ''एमेज़ॉन में हम ट्रक ड्राईवर्स के जीवन की चुनौतियों को समझते हैं, जिनके कारण लंबे समय तक सड़क पर रहने की वजह से उनका स्वास्थ्य नजरंदाज हो जाता है। 'सुश्रुत' प्रोग्राम का उद्देश्य इन चुनौतियों को संबोधित करना और ड्राईवर्स को स्वस्थ रहने में मदद करना शामिल है। हमें उम्मीद है कि यह प्रोग्राम ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा।''

### कलेक्टर ने अधिकारियों से भी की वन टू वन चर्चा

अमरवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह मंगलवार को भ्रमण पर जिले के अनुविभाग अमरवाड़ा पहुंचे और एसडीएम कोर्ट व तहसीलदार कोर्ट अमरवाड़ा का औचक निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने एसडीएम कार्यालय में सीईओ जनपद पंचायत, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से अलग-अलग वन टू वन चर्चा भी की और उनके कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पूरे विश्व में मनाया जायेगा रेडक्रास डे

छिन्दवाड़ा। रेडक्रास के बुनियादी सिद्धान्त मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वयंसेवी संस्था, एकता व विश्वसनियता लड़ाई के मैदान में घायल हुये लोगों को बिना भेदभाव के सहायता पहुंचाना मानवता का परिचय है वहीं यह संगठन जाति धर्म या राजनीति मतों के आधार पर भेद न कर पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल सहायता करना इसकी निष्पक्षता की पहचान है। सभी के विश्वास को बनाये रखने के लिये रेडक्रास राजनीति, जाति धर्म धार्मिक अथवा वैचारिक किस्म के विवादों में भाग नहीं लेती। इससे इसकी तटस्थता दिखाई देती है। यह संस्था स्वतंत्र है और अपने शासकों की मानवीय सेवा में सहायता देती है। रेडक्रास सोसायटी एक स्वयंसेवी सहायता संगठन है जो बिना किसी लाभ के काम करता है किसी एक देश में केवल एक ही रेडक्रास समिति हो सकती है वही रेडक्रास विश्व व्यापी संस्था है और दूसरों की मदद करना इसका कर्तव्य है । हेनरी डयूनॉट ने विश्व के इतिहास में समाजसेवा के क्षेत्र में ऐसा कार्य किया जो पूरे विश्व के लिये मिशाल है । डॉ. हेनरी के जन्मदिवस 8 मई को पूरा विश्व रेडक्रास दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में रेडक्रास समितियॉं उनका जन्मदिवस मनाती है।




## डी.एस.डी.पोर्टल के माध्यम से आई.टी.आई में प्रवेश प्रारंभ

छिन्दवाड़ा। शासकीय आदिवासी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में प्रवेश सत्र 2024 में प्रवेश के लिये ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन का कार्य 1 मई 2024 से प्रारंभ हो चुका है, जिसमें 20 मई 2024 तक डी.एस.डी. पोर्टल (स्त्रह्यस्त्र.द्वश्च.द्द्श1.द्बठ्ठ) पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किये जा सकते हैं। इसके बाद पोर्टल पर ही समय-समय पर त्रुटी सुधार, च्वाईस फिलिंग, चयन सूची का प्रकाशन तथा प्रवेश दिनांक इत्यादि के संबंध में सूचना जारी की जायेगी। अधिक जानकारी के लिये प्रवेश प्रभारी के मोबाईल नम्बर-7354292696 पर संपर्क किया जा सकता है।

## हर दुख का अंत करती है माँ पीतांबरा: पं.भार्गव

### गुरैया में माँ पीताम्बरा बंगलामुखी जयंती पर्व एवं महायज्ञ 9 मई से



**छिंदवाड़ा।** सिद्धपीठ मां पीतांबरा बगलामुखी श्रीयंत्र महाकाल मंदिर गुरैया,छिंदवाड़ा में 9 मई से 17 मई तक माँ पीताम्बरा बगलामुखी जयंती पर्व महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यहां आयोजन ज्योतिषाचार्य गुरुजी पंडित संजय भार्गव और माँ पीताम्बरा साधिका माताजी श्रीमति माया भार्गव के सानिध्य में होगा। पंडित संजय भार्गव ने बताया कि यह आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है। वही इस बार नौ मई से बगलामुखी जयंती पर्व महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है,जिसका समापन 17 मई को होगा। महायज्ञ नौ मई से 17 मई तक सुबह 07 से 11 बजे तक एवं शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन होगा।वही 16 मई को शाम 7 बजे से माँ बगलामुखी जयंती के अवसर पर महाआरती होगी,उसके बाद महाप्रसाद का वितरण होगा एवं 17 मई को पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद का वितरण होगा।वही मंदिर समिति ने इस नौ दिवसीय महायज्ञ में अधिक से अधिक श्रद्धालु को पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। पण्डित संजय भार्गव ने बताया कि मां पीतांबरा बगलामुखी की आराधना से ब्रह्मास्त्र जैसे शस्त्रों का भी स्तंभन होता है। वहीं उनकी पूजा से स्तंभन, आकर्षण, मोहन की शक्ति प्राप्त होती है। समस्त ग्रह बाधाएं दूर होती है आयु ,आरोग्य, धन, वैभव, ऐश्वर्य, संपत्ति प्राप्त होती है। आनंदमयी मां पीतांबरा पूजन हमारे अंदर छुपे समस्त शत्रु विकार को दूर करती हैं। कलयुग मे शक्ति आराधना का अधिक महत्व बताया गया है। मां पीतांबरा के मंत्र जप से भी अधिक फल मां पीतांबरा के दर्शन से मात्र से प्राप्त होता है। माँ बगलामुखी माता देवी रत्नजडित सिंहासन पर विराजती होती हैं। रत्नमय रथ पर आरूढ़ हो शत्रुओं का नाश करती हैं। देवी के भक्त को तीनो लोकों में कोई नहीं हरा सकता है। उनकी पूजा करने वाला जातक जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाता है। पीले फूल और नारियल चढ़ाने से देवी प्रसन्न होतीं हैं। देवी को पीली हल्दी के ढेर पर दीप-दान करें, देवी की मूर्ति पर पीला वस्त्र चढ़ाने से बड़ी से बड़ी बाधा भी नष्ट होती है। बगलामुखी देवी के मन्त्रों से दुखों का नाश होता है।

## कांग्रेस सेवादल ने मनाई डॉ. हार्डिकर की जयंती



**छिन्दवाड़ा।** कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. एन.एस. हार्डिकर की जयंती पर स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन स्थित कांग्रेस सेवादल के कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री हार्डिकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि श्री डॉ. हार्डिकर को देश में स्वयं सेवी संस्था सेवादल के निर्माता के तौर पर जाने जाते हैं। उनका जन्म कर्नाटक प्रदेश में 7 मई 1889 को एक माध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था, उन्होंने कांग्रेस सेवादल की स्थापना 1923 में की थी। वर्ष 1962 में श्री हार्डिकर राज्यसभा के सदस्य रहे। भारत सरकार ने उन्हें 1960 में पदम श्री से अलकृंत किया। राजीव ने प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सेवादल से जोड़ने का प्रयत्न किया और आज कांग्रेस के नेतृत्व में यह विशाल वट वृक्ष का रूप ले रहा है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के द्वारा दिये गये निर्देशों व आदेशों के अनुसार यह संगठन सेवा कर्तव्य, समर्पण एवं अनुशासन की भावना के अनुसार अपने सभी प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं से प्रत्येक स्तर पर कांग्रेस की मजबूती व स्वतंत्र भारत की राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृढ़ता के लिये हर संभव योगदान कांग्रेस सेवादल के द्वारा दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में रमेश बेले, डॉ. शबाना यास्मीन खान, संदीप सिदराम, मुन्ना धुर्वे, अखलेश पवार, कदीर मंसूरी, पवन अंसारी, आकांक्षा वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कपरवाड़ी ने खोला प्याऊ



छिंदवाड़ा। जन अभियान परिषद के जुड़ी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कपरवाड़ी में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत कपरवाड़ी में सार्वजनिक प्याऊ (पानी पीने की उत्तम व्यबस्था) ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कपरवाड़ी के द्वारा किया गया। जिसमे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष प्रदीप बिस्केले, सचिव भीम सिंग चौरिया, ग्राम नागरिक, युवा साथी, माताएँ , बहने, और बच्चे आदि मौजूद रहे। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व मैं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हमेशा ऐसे नैतिक कार्य, जन कल्याणकारी कार्य, व सहयोगी कार्य करती रहेगी।इस तरह जन हितैषी कार्य के लिए जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने सभी को बधाई देते हुए अच्छे कार्य की प्रशंसा की।ग्राम पंचायत में गर्मी के दिनों में राहगीरों को ठंडा पानी मिल जाए इसके लिए प्रस्फुटन समिति ने निशुल्क प्याऊ खोले है।

## रंगकर्मी बनने के लिए कर रहे हैं परिश्रम

### नाट्यगंगा की एक्टिंग वर्कशॉप...



**छिंदवाड़ा।** जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं एकमात्र रंगमंडल नाट्यगंगा के द्वारा नए कलाकारों को रंगकर्म से जोड़ने के लिए 1 मई से स्थानीय हिन्दी प्रचारिणी भवन में 45 दिवसीय फिल्म एवं थियेटर एक्टिंग वर्कषॉप का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यषाला में मुंबई, खैरागढ़, भोपाल और छिंदवाड़ा के सुप्रसिद्ध फिल्म, टीवी और रंगमंच के कलाकार सात साल से साठ साल तक के प्रतिभागियों को एक्टिंग की बारीकियॉं सिखा रहे हैं। कार्यषाला में मुख्य रूप से सचिन वर्मा, अमजद खान, अमित सोनी, दानिष अली, स्वाति चौरसिया, अर्षिल चिचाम, हर्ष यादव, हर्ष डेहरिया, अंकित खंडूजा, हेमंत नांदेकर के द्वारा नए प्रतिभागियों को कैमरा एक्टिंग, स्टेज एक्टिंग, गायन, वादन, संवाद अदायगी, मार्षल आर्ट्स, मुखोटा निर्माण, थियेटर गेम्स आदि का प्रषिक्षण दिया जा रहा है। विदित हो कि संस्था द्वारा 129 प्रतिभागियों का ऑडिषन लेकर 50 प्रतिभागियों का चयन कार्यषाला के लिए किया गया है। जो अब रंगकर्मी बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नए प्रतिभागियों का कहना है कि कार्यषाला में मौज मस्ती के साथ अभिनय सिखाया जा रहा है। यह कार्यषाला हमें न सिर्फअभिनय का प्रषिक्षण दे रही है अपितु हमें एक विचार भी दे रही है। हमारे जीवन में रस पैदा कर रही है, सकारात्मकता ला रही है और हमें अनुषासन सिखा रही है। मस्ती के साथ परिश्रम करने में बहुत मजा आ रहा है। संस्था सचिव अमजद खान ने बताया कि शुरूआती दिनों में कलाकारों के अंदर की झिझक को समाप्त करने के लिए उन्हें थियेटर गेम्स खिलवाए जा रहे हैं तथा मंच पर छोटे छोटे प्रदर्षन करने के लिए कहा जा रहा है। धीरे धीरे प्रतिभागियों के शरीर, आवाज, भाव भंगिमा को रंगकर्म के अनुरूप बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पक्षियों की प्यास बुझाने जैन युवा फेडरेशन बांट रहा जलपात्र

### 40 वर्षों से चल रहा सर्वोदय अहिंसा अभियान



**छिंदवाड़ा** – मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश को लेकर अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन द्वारा विगत 40 वर्षों से सर्वोदय अहिंसा अभियान चलाया जा रहा हैं और अभियान के तहत जनमानस को जलपात्रों का वितरण कर मूक पशु - पक्षियों की प्यास बुझाई जा रही है। मंगलवार को दीपक राज जैन द्वारा नगर के हृदय स्थल छोटी बाजार के तारण भवन में चल रहे बाल संस्कार शिविर में तारण तरण नवयुवक मंडल के साथ अहिंसा सभा का आयोजन किया।जिसमे बाल ब्रह्मचारणी डॉक्टर आरती जैन, शिविर संयोजक संकेत जैन, अनुभव शास्त्री सिलवानी, प्रदीप शास्त्री दमोह एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजा जैन ने बच्चों को सर्वोदय अहिंसा का पाठ पढ़ाया एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन ने जल पात्रों का वितरण कर सभी को जीव रक्षा सहित पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर डॉक्टर आरती जैन ने विद्यार्थियों को तीर्थंकर महावीर की सर्वोदय अहिंसा से परिचय कराया उन्होंने कहा की आज के समय में पूरे विश्व को अहिंसा की आवश्यकता है अगर आज आतंकवादी अहिंसा की पढ़ाई पढ़ते या जीवन में अपनानते तो आज भारत माता का सपूत छिंदवाड़ा का लाल शहीद विक्की पहाड़े हमसे हमेशा हमेशा की विदा नहीं होता। सभा के दौरान पंडित प्रदीप शास्त्री एवं अनुभव शास्त्री ने बच्चों को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया और सभी को ग्रीष्म काल को देखते हुए पशु - पक्षियों के लिए जल पात्र रखने का संकल्प दिलाया, इस अवसर सर्वोदय अहिंसा की ओर से विद्यार्थियों को जलपात्र का वितरण कर उसमे दाना पानी रखने की अपील की गई।



# जर्मनी से भोपाल आकर प्रशस्ति ने निभाया अपना लोकतांत्रिक दायित्व



**भोपाल।** लोकतंत्र के महापर्व में देश में निवासरत नागरिकों के साथ विदेशों में रह रहे युवा भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। जर्मनी में अध्ययनरत सुश्री प्रशस्ति तिवारी ने लोकतंत्र के इस पर्व में मतदान कर अपना कर्तव्य निभाकर ज़िम्मेदारी के निर्वहन का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से वोट करने की अपील भी की है। सुश्री प्रशस्ति भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी और संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ प्रज्ञा तिवारी की सुपुत्री हैं।

# नंदिनी योगी ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया



**भोपाल।** सिराली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपगाँव कला की छात्रा कुमारी नंदिनी योगी ने कक्षा 12वीं में 80त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हम आपको बता दे करोला निवासी श्रीमती क्षमा राजीव योगी की पुत्री नंदिनी योगी ने कक्षा 12वीं में 80त्न अंक बनाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया एक ग्रामीण क्षेत्र की बिटिया ने इस प्रकार के अंक लाने पर सभी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है नंदिनी योगी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मैं भी एक शिक्षक बनूंगी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अक्सर बड़े स्कूल में नहीं पढ़ पाते सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं इसलिए मैं भी शिक्षक बनकर उन्हें नया जीवन देने का प्रयास करूंगी

# भिखारी पाकिस्तान के नारे लगाते हैं, तो.. माफियों की निकलेगी अंतिम यात्रा' चुनावी सभा में बोले सीएम योगी



यूपी के बहराइच के नानपारा में एक चुनावी जनसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारत गठबंधन पर निशाना साधा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान के नारे लगाने वालों के साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा जैसा महाराजा सोहेल देव ने सैयद सालार मसूद गाजी के साथ किया था। ऐसे लोगों को बताएं कि अगर आप भिखारी पाकिस्तान के नारे लगाते हैं, तो वहीं रहें और भारत पर बोझ न बनें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकार में विस्फोट हुए। लोगों ने सवाल पूछे तो सपा और कांग्रेस के लोगों ने कहा कि ये घटनाएं सीमा पार हो रही हैं। आज जब आतंकवाद की बात आती है तो पाकिस्तान साफ ??कर देता है कि हमने कुछ नहीं किया। भारत अपनी तरफ से किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई भारत को उकसाता है तो उसे छोड़ता भी नहीं है।

### माफिया की निकलेगी अंतिम यात्रा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान युवाओं के हाथ में पिस्तौल थी। उनकी सरकार में गैंगस्टर और माफिया जगह-जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन भाजपा सरकार में गैंगस्टर और गैंगस्टर जानते हैं कि ऐसा करने से उनकी अंतिम यात्रा हो जाएगी। सीएम योगी बहराईच लोकसभा प्रत्याशी आनंद गौड़ के समर्थन में वोट मांगने के लिए बहराईच के नानपारा सआदत इंटर कॉलेज पहुंचे।

# अयोध्या नगर में मकान में लगी आग, महिला झुलसकर हुई घायल

**भोपाल।** अयोध्या नगर के मंगलवार दोपहर एक मकान की पहली मंजिल पर आग लग गई। इस हादसे में एक महिला झुलसकर बुरी तरह से घायल हो गई। उसे पुलिस कर्मियों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। आग में घर-गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है।

अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि अयोध्या नगर एफ सेक्टर स्थित देवनारायण प्रजापति के घर के प्रथम मंजिल में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ और गोविंदपुरा फायर स्टेशन से दमकलें रवाना हुईं। दमकल कर्मी असलम खान ने बताया कि मकान गली में अंदर था। वहां तक गाड़ी नहीं पहुंच पा रही थी।



# पीएम मोदी को बाग प्रिंट की जैकेट भेंट

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मोहम्मद बिलाल खत्री द्वारा बाग प्रिंटेड हाथ ठप्पा की हुई जैकेट पहनी।

यह जैकेट का बाग प्रिंट का कपड़ा पूर्व मंत्री रंजना बघेल जी ने बिलाल खत्री से स्पेशल बनवाया एवं धार सभा में पूर्व मंत्री रंजना बघेल ने अपने हाथों से क्क्रूमोदी को पहनाया। बिलाल खत्री ने बताया कि इससे निश्चित तौर पर बाग प्रिंट हस्तकला को बढ़ावा मिलेगा।





# 50 दिन में 280 करोड़ की शराब और कैश पकड़ा, 2 लाख 73 हजार हथियार थानों में पहुंचे



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव अपने शबाब पर है। इस बीच शराब के साथ शबाब भी चल रहा है। मध्य प्रदेश में आए दिन अवैध शराब, नकद रुपए और सोना-चांदी पकड़ी जा रही है। 16 मार्च को आचार संहिता लगने के बाद से अब तक प्रदेश में करोड़ों रुपए की सामग्री पकड़ी जा चुकी है।

29 सीटों वाले मध्य प्रदेश में तीन चरण में 21 सीटों पर मतदान हो चुका है। अब चौथे चरण में 8 सीटों पर वोटिंग होगी। तीन चरणों में जांच के दौरान चुनाव आयोग और पुलिस की टीमों ने 280 करोड़ रुपए की सामग्री जब्त की है।

**अवैध शराब की सप्लाई –** चुनाव में सबसे ज्यादा अवैध शराब खपाई जा रही है। इसका खुलासा जांच टीमों की धरपकड़ में जब्त की गई शराब से होता है। निर्वाचन आयोग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, अब तक सूबे में 29.63 लाख लीटर शराब पकड़ी गई है। बाजार में इसकी कीमत 43 करोड़ 79 लाख रुपए है।

**14 करोड़ के जेवर, 31 करोड़ के नशीले पदार्थ –** करीब 50 दिन में 2 हजार 485 किलो सोना और चांदी पकड़ी गई है। इसकी कीमत 14 करोड़ 70 लाख है। ऐसे ही 22 करोड़ रुपए नकद पकड़े गए हैं। ब्राउन शुगर, गांजा जैसे मादक पदार्थों की सप्लाई भी धड़ल्ले से चल रही है। जांच टीमों ने आचार संहिता के बीच 31 करोड़ 69 लाख रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं।

**अवैध गतिविधियों का खुलासा –** इसी के साथ राज्य में 167 करोड़ 20 लाख रुपए की अन्य सामग्री जब्त की गई है। इस तरह चुनाव आयोग की ओर से बनाए गए फ्लाइंग स्क्वॉड और अन्य जांच दलों ने कुल 280 करोड़ रुपए से ज्यादा की सामग्री जब्त की है। आंकड़े ही प्रदेश में अवैध गतिविधियों का खुलासा कर रहे हैं।

**तीन गुना से ज्यादा सामग्री पकड़ाई –** अब पांच साल में सूबे में शराब, हवाला और सोना–चांदी की तस्करी के मामले बढ़े हैं। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के बीच प्रदेश में सिर्फ 85 करोड़ 12 लाख रुपए की सामग्री जब्त की गई थी, जबकि इस बार आंकड़ा तीन गुना से भी ज्यादा है।

**अवैध सप्लाई के पीछे दो बड़ी वजह –** राजनीतिक विश्लेषक दो बड़े कारण मानते हैं। पहला तो यह कि वोटर्स को अपने पक्ष में करने के लिए नेता रुपए बांटते हैं। चुनावी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए बड़ी मात्रा में नकद राशि का इस्तेमाल होता है। ज्यादातर पैसों का हिसाब–किताब नहीं होता है। लिहाजा, जो आरोपी रुपयों के साथ पकड़े जाते हैं, वे कोई वाजिब दस्तावेज नहीं दे पाते। दूसरी वजह यह है कि सामान्य दिनों में भी पैसों का फ्लो रहता है, लेकिन उतनी सख्ती नहीं होती, जिससे राशि पकड़ी नहीं जाती है।

**792 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त –** इधर, प्रदेश में अब तक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी हथियार थानों में जमा कराए गए हैं। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली की गई है। इस अवधि में 792 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। यही नहीं पुलिस ने सूबे में 3 हजार 344 अवैध हथियार और 934 कार्टिज जब्त किए हैं।

**2 लाख से ज्यादा पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई –** मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए प्रदेश में 2 लाख 11 हजार 651 से ज्यादा लोगों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कुल 312 अंतरराज्यीय नाकों और 522 आंतरिक नाकों से जांच पड़ताल की जा रही है। चुनाव की निगरानी के लिए 691 फ्लाइंग स्क्वाड ( उड़नदस्ता ) और 833 सर्विलांस टीम ( एसएसटी ) के साथ 39 क्विक रिस्पॉन्स टीमें काम कर रही हैं।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को खंडवा में धूनी वाले दादा जी धाम पहुंचकर पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने भी धूनी वाले दादा जी की पूजा-अर्चना की।

# मध्य प्रदेश में दोबारा होगी 5वीं आठवीं की परीक्षा, इधर 10वीं और 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा जून में



**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं, 12वीं की पूरक परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है। छात्र एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं पूरक परीक्षा समय सारिणी एमपीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट द्वश्चड्ढह्यद्. ठ्ठद्ब. द्बठ्ठ.के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। कार्यक्रम के अनुसार, एमपी बोर्ड की पूरक परीक्षाएं जून महीने में आयोजित की जाएंगी। मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुन~ परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शित्रा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुन~ परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य शक्षिा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की एंट्री के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाए। इन कक्षाओं के पुन~ परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही तय किए जाए। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा।

**इन तारीखों पर होगी 10वीं और 12 वी परीक्षाएं–** आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, एमपी बोर्ड उच्चतर माध्यमिक (12वीं) पूरक परीक्षा सभी विषयों के लिए 8 जून को आयोजित की जाएगी। एमपी बोर्ड हाईस्कूल पूरक परीक्षा 10 जून से 20 जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है। एमपीबीएसई ने एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं की नियमित परीक्षा 05 फरवरी से 28 फरवरी तक और एमपी बोर्ड कक्षा 12वीं की नियमित परीक्षा 06 फरवरी से 05 मार्च 2024 तक आयोजित की गई थी। एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं दोनों के परिणाम 24 अप्रैल को घोषित किए गए थे।

### 10 वीं की पूरक परीक्षा कार्यक्रम

हिंदी- 10 जून
अंक शास्त्र- 11 जून
उर्दू- 12 जून
सामाजिक विज्ञान- 13 जून
विज्ञान- 14 जून
अंग्रेज़ी- 15 जून
संस्कृत- 18 जून
मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, चित्रकला, संगीत- 19 जून
एनएसक्यूएफ- 20 जून

### 5वीं और 8वीं का कैसा रहा था मुख्य परीक्षा का रिजल्ट

मध्य प्रदेश में लगभग 24 लाख छात्र कक्षा 5वीं और 8वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। कक्षा आठवी का परीक्षा परिणाम 87.71 फीसदी रहा जबकि कक्षा पांच का परीक्षा परिणाम 90.97 फीसदी रहा। कक्षा पांच में 89.62 फीसदी बालक और 92.41 फीसदी बालिकाएं उत्तीर्ण हुईं। कक्षा आठ में बालकों का पास प्रतिशत 85.94 फीसदी और बालिकाओं का 89.56 फीसदी रहा। आपको बता दें कि एमपी बोर्ड 5वीं 8वीं रिजल्ट 23 अप्रैल को जारी हुआ था। जहां सरकारी स्कूलों में 5वीं कक्षा में 91.53 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए, वहीं प्राइवेट में 90.18 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए। 8वीं कक्षा की बात करें तो प्राइवेट स्कूलों का रिजल्ट सरकारी से बेहतर रहा। प्राइवेट स्कूलों में 90.60 प्रतिशत बच्चे पास हुए जबकि सरकारी में 82.22 प्रतिशत बच्चे पास हुए।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस - सभी के लिए प्रेरणादायी रेडक्रॉस मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक, एकता और सार्वभौमिकता के सिद्धांत पर आधारित है : योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा की योग प्रशिक्षण के दौरान योग साधको को रक्तदान के साथ खुद को स्वस्थ रखते हुए सेवा कार्यो के लिए तैयार रहने के लिए भी प्रेरित किया जाता है।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रीसेंट आंदोलन के सिद्धांतों को मनाने के लिए 8 मई को हर साल विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोग रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को जरूरतमंद लोगों की मदद करने में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देते हैं । यह दिवस हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है, जो रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक थे , वर्ष 1901 में उन्हें इसके लिए शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार मिला था। रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य मूल रूप से किसी भी समय और परिस्थितियों में सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, आरंभ करना और प्रोत्साहित करना है। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को मोटे तौर पर मानवीय सिद्धांतों और मूल्यों के प्रचार सहित चार भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है, जिनमें आपदा प्रतिक्रिया, आपदा तैयारियां, स्वास्थ्य और केयर शामिल हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी सात सिद्धांतों मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक, एकता और सार्वभौमिकता पर आधारित है।

विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस 2024 की थीम है मैं खुशी के साथ देता हूं, और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है.÷ इस थीम में मानवीय कामों में लगे रहने और रेड क्रॉस के मिशन का समर्थन करने से आने वाले खुशियों और पुरस्कार पर फोकस डाला गया है।

रेडक्रॉस का चिह्न रेडक्रॉस संस्था की




पहचान के लिए सफ़ेद पट्टी पर लाल रंग के धन (+) को मान्यता दी गई। रेडक्रॉस का यह चिह्न पूरे विश्व में पीड़ित मानवता की सेवा का प्रतीक बन गया है।

वर्तमान समय में दुनिया में युद्ध के तरीकों और कारणों में बड़ा अंतर आ चुका है। अब युद्ध के दौरान सैनिकों की सहायता के साथ ही प्राकृतिक या मानवीय आपदाओं के शिकार लोगों को राहत एवं मदद पहुंचाने में भी रेडक्रॉस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दुनियाभर में शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान और छवि बना ली है। आज दुनिया के किसी भी भाग में प्राकृतिक या मानवीय आपदा में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस की टीम सबसे पहले पहुंचकर राहत कार्य में जुट जाती है। वर्तमान समय और परिस्थितियों में इस संस्था का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है।

सचाई तो यह है कि आज की विकट परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस जैसी संस्था पूरे विश्व की जरूरत बन गई है जो आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त की तरह मदद का हाथ बढ़ाती है। इतना ही नहीं देश में रक्त एकत्र करने और उसको जरूरतमंद लोगों को समय पर पहुंचाने में यह संस्था जिस प्रकार कार्य कर रही है, वह किसी से छिपा नहीं है। यह लोगों को रक्तदान की प्रेरणा देती है, ताकि लोग अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। यह स्वयं शिविर लगाकर हर साल बड़ी मात्रा में रक्त एकत्र करती है, ताकि जरूरत के समय किसी प्रकार की कमी न रहे।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एक स्वयंसेवी राहत संस्था है जो पूरे देश में 700 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क है, आपदा और आपातकाल के समय राहत प्रदान करता है और कमजोर लोगों और समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल को बढ़ावा देता है। देश के विभिन्न भागों में यह संस्था बहुत ही सफलता के साथ कार्य कर रही है। इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस तरह की संस्थाओं में जो स्वयंसेवक होते हैं, उनसे लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।